卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐जय माता दी卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

कंद्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 159 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦17 मार्च 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

46 हजार मीट्रिक टन गैस लेकर होर्मुज से भारत लौटा 'नंदा देवी'

जामनगर(उद संवाददाता)। भारत की ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। मंगलवार सुबह जामनगर के वडीनार (कांडला) पोर्ट पर एलपीजी का विशाल कार्गो लेकर भारतीय जहाज एमटी नंदा देवी सफलता पूर्वक पहुंच गया है। दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी के चेयरमैन सुशील कुमार सिंह ने जानकारी दी कि जहाज करीब 46,500 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर सुबह 2:30 बजे पोर्ट के एंकरिज क्षेत्र में लंगर डाल चुका है। चेयरमैन सुशील कुमार सिंह ने बताया कि नंदा देवी द्वारा लाए गए इस विशाल कार्गो को गहरे समुद्र में 'शिप-टू-शिप' प्रक्रिया के माध्यम से दूसरे जहाज में स्थानांतरित किया जाएगा। यह जटिल प्रक्रिया आज से ही शुरू कर दी गई है। चेयरमैन ने जहाज के कैप्टन और क्रू से मुलाकात कर इस चुनौतीपूर्ण मिशन को सुरक्षित पूरा करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया और पूरी प्रक्रिया के दौरान तकनीकी सहयोग का भरोसा दिया। सामरिक और सुरक्षा के लिहाज से एमटी नंदा देवी की यह यात्रा अत्यंत महत्वपूर्ण है। हाल के दिनों में यह दूसरा भारतीय एलपीजी जहाज है जिसने तनावपूर्ण स्थितियों के बीच स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को सुरक्षित पार कर भारतीय तट तक अपनी पहुंच बनाई है। इससे एक दिन पहले ही एलपीजी कैरियर (शेष पृष्ठ सात पर)

खेलों से विकसित होती है टीम भावना: धामी

मुख्यमंत्री ने सचिवालय बैडमिंटन क्लब की स्मारिका का किया विमोचन

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड सचिवालय बैडमिंटन क्लब द्वारा प्रकाशित स्मारिका "प्रयास बेहतर कल के लिए" का भव्य विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने क्लब के इस प्रयास की सराहना करते हुए पदाधिकारियों और सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करती है, बल्कि एक सकारात्मक और ऊर्जावान कार्य संस्कृति के निर्माण में भी सहायक सिद्ध होती है।सचिवालय कर्मियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने जीवन में खेलों के महत्व पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि खेल हमें अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की सीख देते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि सचिवालय के कर्मचारी अपनी व्यस्त दिनचर्या के बीच नियमित रूप से खेल गतिविधियों के लिए समय निकालें। मुख्यमंत्री के अनुसार, शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ कर्मचारी ही प्रदेश के विकास में अपनी पूर्ण कार्य कुशलता के साथ योगदान दे सकते हैं। खेलों का सीधा प्रभाव व्यक्ति की एकाग्रता और कार्यक्षमता पर पड़ता है।स्मारिका में प्रकाशित विभिन्न लेखों, क्लब की उपलब्धियों और गतिविधियों का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि यह प्रकाशन भविष्य में और अधिक लोगों (शेष पृष्ठ सात पर)

बेकाबू कार ने जिप्सी और बाइकों को मारी टक्कर,तीन घायल

काशीपुर मार्ग पर रिलायंस पेट्रोल पंप के पास हुआ हादसा, युवक की हालत गंभीर, हायर सेंटर रेफर

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर-काशीपुर नेशनल हाईवे 309 पर मंगलवार सुबह एक अनियंत्रित कार ने जबरदस्त कोहराम मचाया। रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप हुई इस दुर्घटना में एक जिप्सी और कई मोटरसाइकिलें कार की चपेट में आ गईं, जिससे एक महिला पर्यटक सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुँचाया गया। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, महिला पर्यटक शेफाली चावला अपने परिवार के साथ सफारी जिप्सी में सवार होकर 'फाटो' पर्यटन जोन का भ्रमण कर रामनगर की ओर वापस लौट रही थीं। इसी दौरान रिलायंस पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रही एक अनियंत्रित कार ने जिप्सी को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जिप्सी से टकराने से पहले कार चालक ने सड़क पर चल रही 2 से 3 मोटरसाइकिलों को भी अपनी चपेट में लिया था। इस भिड़ंत में जिप्सी सवार महिला और एक बाइक पर सवार दो युवक लहूलुहान हो गए। हादसे के तुरंत बाद घायलों को रामनगर स्थित बृजेश हॉस्पिटल ले जाया गया। अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि उनके यहाँ दुर्घटना में घायल शेफाली (शेष पृष्ठ सात पर)

सीएम ने हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित एक सादे कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय बहुगुणा के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके द्वारा समाज और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने स्वर्गीय बहुगुणा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक असाधारण प्रतिभा के धनी, दूरदर्शी राजनेता और अत्यंत (शेष पृष्ठ सात पर)

तेल का टैंकर लेकर चालक फरार,केस दर्ज

सितारगंज। ईरान इजरायल युद्ध के बीच तेल को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इसी हालात में सितारगंज से तेल का टैंकर लेकर मेरठ गया चालक वाहन समेत फरार हो गया। इस मामले में चालक और परिचालक के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। पुलिस को दी तहरीर में सोमवीर पुत्र शिवचरण निवासी रामपुर रोड पंचायत घर किशनगढ़ तहसील हल्द्वानी ने आरोप लगाया कि उसकी गाड़ी टाटा सिग्ना को चालक मनजीत सिंह पुत्र धर्म सिंह निवासी सोनीपत हरियाणा और परिचालक सोनू पाल पुत्र नेतराम निवासी ग्राम लांबाखेड़ा पिछले 1 वर्ष से चला रहे थे। आरोपी तेल टैंकर में तेल भरकर आवंला डिपो से सितारगंज डिपो और सितारगंज डिपो से मेरठ डिपो तक परिवहन करते थे। 23 फरवरी की शाम को ड्राइवर मनजीत सिंह और हेल्पर सोनू पाल उनका तेल टैंकर को लेकर मेरठ के लिए रवाना हुआ था। ग्राम सिसौना से आरोपी तेल का टैंकर लेकर फरार हो गए। मोबाइल से संपर्क करने पर आरोपी फोन रिसीव नहीं कर रहे हैं। पीड़ित ने अमानत में खयानत का आरोप लगाते हुए दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर तेल का टैंकर बरामद करने की मांग की है पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मामूली विवाद में भिड़े दो पक्ष, चौकी और अस्पताल में हंगामा

पुलिस कर्मियों से भी अभद्रता 6 लोग हिरासत में, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।बीती देर रात मामूली विवाद ने जबरदस्त हिंसक रूप ले लिया। रोडवेज बस स्टेशन के पास गाड़ी खड़ी करने को लेकर शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गई। हैरानी की बात यह रही कि दोनों पक्षों के सिर पर खून इस कदर सवार था कि उन्होंने न तो पुलिस चौकी की मर्यादा का ख्याल रखा और न ही अस्पताल की संवेदनशीलता का। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए छह लोगों को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार, रोडवेज बस स्टेशन के पास दोनों पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ा कि राहगीरों को बीच-बचाव करना पड़ा। मौके पर पहुँची पुलिस दोनों पक्षों को शांत कराकर बाजार चौकी ले आई, लेकिन दबंगों के हौसले इतने बुलंद थे कि उन्होंने चौकी के भीतर ही एक-दूसरे पर हमला बोल दिया। इस दौरान हंगामा कर रहे लोगों ने बीच- बचाव कर रहे पुलिस कर्मियों के साथ भी अभद्रता और बदतमीजी की, जिससे माहौल और अधिक तनावपूर्ण हो गया। पुलिस ने किसी तरह स्थिति को नियंत्रित कर घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा। हद तो तब हो गई जब विवाद की आग जिला अस्पताल तक पहुँच गई। उपचार(शेष पृष्ठ सात पर)

आवश्यकता है

एक जीएसटी अनुभवी एकाउन्टेंट की।
-सम्पर्क करें-
मोबाईल नम्बर
9548200711
8218640588

कार की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की मौत,तीन घायल

काशीपुर। रामनगर रोड पर प्राइम हॉस्पिटल के समीप अनियंत्रित कार तेज धमाके के साथ स्कूटी से जा टकराई। एक्सीडेंट की इस घटना में गंभीर रूप से घायल एक महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई जबकि दूसरी को नाजुक हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीते सोमवार को अपराह्न बाद लगभग ढाई बजे रामनगर रोड पर प्राइम हॉस्पिटल के समीप कार संख्या यूके 18 आर/9309 अनियंत्रित होकर सामने से आ रही स्कूटी संख्या यूके 18 एम/0910 से जा टकराई। दुर्घटना की चपेट में आकर मोहल्ला आवास विकास काशीपुर निवासी स्कूटी सवार नेहा पुत्री खूबी राम एवं दूसरी लड़की नीलम गंभीर रूप से घायल हुए। उपचार के दौरान नेहा की मृत्यु हो गई जबकि नेहा को बेहद नाजुक हालत में शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती (शेष पृष्ठ सात पर)

धारदार हथियारों से डंपर चालक को किया लहूलुहान

काशीपुर। कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र में लोडेड डंपर लेकर स्टोन क्रेशर की ओर जा रहे चालक को मार्ग में उसके सगे संबंधियों ने मारपीट कर बुरी तरह लहुलुहान कर दिया। घायल डंपर चालक की पत्नी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस को तहरीर देकर ढकिया नंबर एक कुंडेश्वरी निवासी सर्वजीत कौर पत्नी प्रिंस पाल सिंह ने बताया कि बीते 16 मार्च को ग्राम गुलजारपुर निवासी उसका पति प्रिंस पाल सिंह पुत्र कुलविंदर सिंह बंजारी गेट से डंपर भरकर नेशनल स्टोन क्रेशर की ओर जा रहा था इसी दौरान वन विभाग चौकी से लगभग एक किलो मीटर पहले उसका भाई ग्राम गुलजारपुर निवासी अंग्रेज सिंह पुत्र गुरविंदर सिंह ने गाड़ी रोक ली और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। इस दौरान हमलावर अंग्रेज सिंह के साथ एक नकाबपोश शख्स ने (शेष पृष्ठ सात पर)

दसवां/ब्रह्मभोज

बड़े दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी परम पूज्य माताजी **श्रीमती अन्नपूर्णा अधिकारी जी** का स्वर्गवास दिनांक 03 मार्च 2026 को हो गया है, जिनकी आत्मा की शांति के लिए **18 मार्च 2026 दिन बुधवार** को निज निवास पर रामायण पाठ दोपहर 12 बजे से एवं **ब्रम्ह भोज दोपहर 2 बजे से गोविन्द मन्दिर आई ब्लॉक ट्रांजिट कैम्प, रूद्रपुर** में सम्पन्न होगा।

शोकाकुल परिवार

बबलू अधिकारी-माया अधिकारी(पुत्र-पुत्रवधू)
दिलीप अधिकारी-सविता अधिकारी (पुत्र-पुत्रवधू)
प्रदेश अध्यक्ष बंगाली कल्याण समिति, उत्तराखण्ड
उत्तम अधिकारी-मनिषा अधिकारी (पुत्र-पुत्रवधू)
अजय अधिकारी , विजय अधिकारी, शुभम अधिकारी, ध्रुव अधिकारी (पौत्र)
निवास-सी-28, वार्ड नं. 4, ट्रांजिट कैम्प रूद्रपुर, मो.9927392404

मुख्यमंत्री ने 63 सफाई निरीक्षकों को प्रदान किए नियुक्ति पत्र

शहरी विकास निदेशालय के नवीन भवन का किया वर्चुअल शिलान्यास

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में शहरी विकास विभाग के अन्तर्गत चयनित 63 सफाई निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लगभग 62 करोड़ की अनुमानित लागत से बनने वाले शहरी विकास निदेशालय के नवीन भवन का वर्चुअल शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान कूड़ा निस्तारण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चार वर्षों में राज्य में लगभग 30 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की जा चुकी है।मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयनित सभी सफाई निरीक्षकों को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि आज आपके जीवन में एक नई जिम्मेदारी की शुरुआत हो रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के गठन के समय प्रदेश में केवल 63 स्थानीय नगर निकाय थे। आज प्रदेश में 11 नगर निगम, 46 नगर पालिका परिषद और 51 नगर पंचायत सहित कुल 108 स्थानीय नगर निकाय हैं। यह इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि आज हमारे शहर विकास और आर्थिक गतिविधियों के महत्वपूर्ण केंद्र बन चुके हैं। राज्य सरकार प्रदेश के अपने इन शहरों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और आधुनिक बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इस दिशा में हमारे स्थानीय निकायों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि कूड़ा प्रबंधन से लेकर नागरिकों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं के सुचारू संचालन तक की बड़ी जिम्मेदारी इन्हीं संस्थाओं के कंधों पर होती है।मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय निकाय हमारे शहरों के समग्र विकास के सबसे मजबूत स्तंभ हैं। सफाई निरीक्षक इसकी नींव के पत्थर हैं। प्रदेश में नगर निकायों की प्रशासनिक और तकनीकी क्षमता को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। पिछले करीब 5 वर्षों में शहरी निकायों में 63 अधिशासी अधिकारियों, 22 कर एवं राजस्व निरीक्षकों तथा 32 अवर अभियंताओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जा चुके हैं। 63 सफाई निरीक्षकों की नियुक्ति हमारे नगर निकायों की कार्यक्षमता को और अधिक सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड आस्था, आध्यात्म और पर्यटन का प्रमुख केंद्र है। यहाँ स्थित चारधाम और गंगा-यमुना के पावन तीर्थ हर वर्ष लाखों श्रद्धालुओं को आकर्षित करते हैं। वर्ष 2027 में कुंभ मेले का आयोजन होना है और अगले महीने से चारधाम यात्रा भी प्रारंभ होने वाली है। ऐसे अवसरों पर शहरों और तीर्थस्थलों की स्वच्छता और व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखना अत्यंत आवश्यक होता है। इसमें नगर निकायों की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शहरों को आधुनिक और सुरक्षित बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। जहाँ एक ओर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शहरों में ठोस कचरा प्रबंधन और सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है, वहीं स्मार्ट सिटी मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत मिशन, खुले में शौच मुक्त अभियान और लीगेसी वेस्ट प्रबंधन जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने का प्रयास भी किया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भी स्थापित किए गए हैं। निराश्रित गौवंशों के संरक्षण के लिए आश्रय योजना संचालित की जा रही है। कचरा प्रबंधन के लिए आधुनिक मैकेनाइज्ड ट्रांसफर स्टेशन का निर्माण किया गया है और कूड़ा वाहनों की निगरानी के लिए इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित किया गया है। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए शहर में 30 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जा रहा है तथा 11 स्थानों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन भी स्थापित किए गए हैं। स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पर्यावरण मित्रों को 'स्वच्छता सैनानी सम्मान' के रूप में प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वच्छता रैंकिंग में राज्य को और प्रयास करने होंगे। इस अवसर पर विधायक खजान दास, बंशीधर भगत, उमेश शर्मा काऊ, श्रीमती सविता कपूर, सचिव शहरी विकास नितेश झा, निदेशक शहरी विकास विनोद गिरी गोस्वामी, नगर आयुक्त देहरादून श्रीमती नमामि बंसल एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

शिव आराधना का केंद्र बना तारकनाथ धाम

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। पवित्र चैत्र माह के शुभारंभ के साथ ही क्षेत्र का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल जय बाबा तारकनाथ धाम शिव भक्तों की आस्था का मुख्य केंद्र बन गया है। चैत्र के पहले ही दिन धाम में श्रद्धालुओं का भारी सैलाब उमड़ पड़ा, जहाँ सैकड़ों भक्तों ने संन्यासी व्रत धारण कर स्वयं को भगवान शिव की आराधना में समर्पित कर दिया। पीले वस्त्र धारण किए हुए इन संन्यासियों और श्रद्धालुओं के हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा सुरेंद्रनगर क्षेत्र शिवमय हो गया। सोमवार को धाम परिसर में आयोजित धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना और हवन-यज्ञ से हुई। मुख्य पुरोहित सोनू चक्रवर्ती ने

उपस्थित श्रद्धालुओं को पारंपरिक विधि के साथ संन्यासी व्रत का संकल्प कराया। व्रत धारण करने वाले श्रद्धालुओं ने सात्विक जीवन और महादेव की अनन्य भक्ति का मार्ग चुनते हुए पीले वस्त्र धारण किए। सात प्रमुख संन्यासियों गोविंद, प्रदीप, रमेश, माधव, दीपक, असीम और अशोक के नेतृत्व में विशेष पाठ और अनुष्ठान संपन्न कराए गए। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष देवाशीष पोद्दार ने बताया कि तारकनाथ धाम की महत्ता को देखते हुए रुद्रपुर, दिनेशपुर और कुमाऊं के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहाँ पहुँच रहे हैं। उन्होंने बताया कि पूरे चैत्र माह के दौरान मंदिर में प्रतिदिन विशेष पूजा-अर्चना और संकीर्तन का क्रम जारी रहेगा। इस धार्मिक आयोजन में नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल, ग्राम प्रधान सुमन हालदार, पेशे मण्डल, बंटी राय, अनंत हालदार, तापस मण्डल, सूरज हालदार, समीर साना, मुकेश सरकार, हर्षित सरकार, आशीष हालदार, गोलाक विश्वास, कानू सरकार, अमित मण्डल, मृणाल, सुकुमार, सुशांत राय, विजय, दीपक बड़ाल, उत्तम शील, निखिल मिस्त्री, सच्चिंद्र हालदार, राजा हलदार और रंजीत हालदार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मा० उच्चतम न्यायालय में योजित एस०एल०पी० 31060 -31061/ 2025 में पारित आदेश दि०27,01.2026 के अनुपालन में याचिकाकर्ता द्वारा बोया हुआ गन्ना अवशेष जो खेतो में खड़ा है की **खुली नीलामी 18-03-2026 को राजस्व ग्राम गंगोली में प्रातः 11: 00 बजे सुबह से नियोजित होगी।** इच्छुक बोलीदाता नियत तिथि व समय पर **प्राग फार्म गोकुल नगर तहसील किच्छा उपस्थित हो प्रति भाग ले सकते हैं। न्यूनतम बोली मुग्गम गन्ने की 1,50000-/ रू० होगी ।**

प्रॉप्रिटर

मनोज नरायन अग्रवाल प्राग फार्म गोकुल नगर

8057911622

सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम विपिन कुमार (VIPIN KUMAR) से बदलकर विपिन कुमार अग्रवाल (VIPIN KUMAR AGARWAL) रख लिया है। भविष्य में मुझे विपिन कुमार अग्रवाल (VIPIN KUMAR AGARWAL) के नाम से जाना व पहचाना जाएगा।

विपिन कुमार अग्रवाल पुत्र श्री केदार नाथ अग्रवाल, निवासी- पुरानी अबकारी, बम्बाघेर, रामनगर, नैनीताल, उत्तराखंड

सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम बबीता (BABITA) से बदलकर बबीता अग्रवाल (BABITA AGARWAL)रख लिया है। भविष्य में मुझे बबीता अग्रवाल (BABITA AGARWAL) के नाम से जाना व पहचाना जाएगा।

बबीता अग्रवाल पत्नी श्री विपिन कुमार अग्रवाल, निवासी- पुरानी अबकारी, बम्बाघेर, रामनगर, नैनीताल, उत्तराखंड

सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Lekhraj से बदलकर अब Lekhraj Taneja कर लिया है, अत: अब से भविष्य में मुझे Lekhraj Taneja पुत्र श्री राम लुभाया के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

वर्तमान पता- सुभाष फ्रूट वाली गली गांधीनगर वार्ड, गदरपुर उधमसिंहनगर उत्तराखंड 263152

सूचना

सूचित किया जाता है कि विवाह से पूर्व शैक्षिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम कुमुद बेन (KUMUD BEN) दर्ज था, विवाह उपरांत मेरा नाम कुसुम (KUSUM) पत्नी भुवन चंद्र हो गया है। मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं स्टेट बैंक खाता संख्या 40720536581 में भी मेरा नाम कुसुम (KUSUM)दर्ज है। मुझे मेरे नये नाम कुसुम से ही जाना पहचाना जाए।

-कुसुम पत्नी श्री भुवन चन्द्र
निवासी-बी 77 नार्थ पॉइन्ट सिटी, छत्तरपुर, उधम सिंह नगर,उत्तराखण्ड

दो तमंचा व कारतूस समेत दो गिरफ्तार

काशीपुर। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो अवैध तमंचे व जिंदा कारतूस बरामद किये हैं। पुलिस ने आरोपियों को आर्म्स एक्ट में चालान किया है।कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान मालवा फार्म स्थित शिवालिक स्कूल रोड से ग्राम रम्पुरा निवासी संजय कुमार पुत्र स्व. छत्रपाल सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 12 बोर का तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। वहीं कुंडा कोतवाली पुलिस ने गोसिया मस्जिद के पास ठाकुरद्वारा निवासी जावेद अली पुत्र आरिफ अली को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक 312 बोर का तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों को आर्म्स एक्ट में चालान कर कोर्ट में पेश किया है।

श्री हेमकुंट साहिब के कपाट 23 मई को खुलेंगे

मुख्य सचिव और ट्रस्ट अध्यक्ष की बैठक में बनी सहमति

देहरादून (उद संवाददाता)। सिखों के पवित्र तीर्थस्थल गुरुद्वारा श्री हेमकुंट साहिब के कपाट इस वर्ष शनिवार, 23 मई 2026 को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। यह निर्णय गुरुद्वारा श्री हेमकुंट साहिब प्रबंधन ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा और उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनंद बर्धन के बीच सचिवालय में हुई एक महत्वपूर्ण बैठक के बाद लिया गया। बैठक में आगामी तीर्थयात्रा सीजन की तैयारियों और वर्तमान मौसम की स्थितियों का बारीकी से आकलन किया गया। इस वर्ष पहाड़ों पर पिछले वर्षों की तुलना में कम बर्फबारी हुई है, जिसके कारण जलवायु परिस्थितियां यात्रा को समय से पहले शुरू करने के लिए अनुकूल पाई गई हैं। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष चारधाम यात्रा के कपाट भी अप्रैल माह में ही खोले जाने का कार्यक्रम पूर्व में निर्धारित किया जा चुका है।मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने बैठक के दौरान राज्य सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार चारधाम और श्री हेमकुंट साहिब आने वाले सभी तीर्थयात्रियों के लिए सुरक्षित, सुगम और सुव्यवस्थित यात्रा सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्ध है और इसके लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे। ट्रस्ट द्वारा

राज्य सरकार के समन्वय से यात्रा का सफल संचालन किया जाता है। तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए हरिद्वार, ऋषिकेश, श्रीनगर, रतूड़ा, जोशीमठ, गोविंदघाट और घांघरिया स्थित धर्मशालाओं में नि:शुल्क ठहरने और भोजन की व्यवस्था ट्रस्ट द्वारा की जाएगी। ऊंचाई वाले क्षेत्र और सीमित संसाधनों के कारण श्री हेमकुंट साहिब में लंगर की व्यवस्था तो रहेगी, लेकिन वहां रात्रि विश्राम की अनुमति नहीं होगी।हिमालय की मनोरम श्रृंखलाओं के बीच 15,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर स्थित श्री हेमकुंट साहिब विश्वभर के श्रद्धालुओं के लिए अगाध श्रद्धा का केंद्र है। यह वही पवित्र स्थान है जहां दसवें सिख गुरु, गुरु गोबिंद सिंह ने तपस्या की थी। ट्रस्ट ने सभी तीर्थयात्रियों से अपील की है कि वे उच्च हिमालयी क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए सुरक्षा दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें और पूरी तैयारी के साथ यात्रा पर आएं। यात्रा पंजीकरण, सड़क मार्ग की स्थिति और अन्य दिशा-निर्देशों की जानकारी समय-समय पर आधिकारिक माध्यमों से साझा की जाएगी। बैठक में यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं, संचार और सुरक्षा व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने पर भी चर्चा की गई ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

डीएम ने आंधी-तूफान से मृतक के परिजनों को तत्काल सहायता और किसानों को फसल मुआवजे के दिए निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कैंप कार्यालय में आयोजित मासिक समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने राजस्व कर, संग्रह और प्रवर्तन कार्यों की विभागवार समीक्षा की। जिलाधिकारी ने वित्तीय वर्ष की समाप्ति के निकट राजस्व वसूली की धीमी गति पर सख्त रुख अपनाते हुए अधिकारियों को चेतावनी दी कि यदि निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप वसूली नहीं हुई, तो संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने बड़े बकायेदारों के खिलाफ आरसी जारी कर कठोर कार्रवाई करने और स्टाम्प व आबकारी से जुड़े लंबित वादों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों और तहसीलदारों को निर्देशित किया कि राजस्व न्यायालयों में वर्षों से लंबित वादों का शीघ्र निस्तारण करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे स्वयं शीघ्र ही विभिन्न पटलों का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। साथ ही, तहसील दिवस और जनसुनवाई में आने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा गया ताकि आम जनता को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।विगत दिनों आए भीषण आंधी-तूफान के कारण रामनगर कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के वनग्राम रिंगोड़ा निवासी कानू उपाध्याय की वृक्ष गिरने से हुई मृत्यु पर जिलाधिकारी ने गहरा

दुख व्यक्त किया। उन्होंने उपजिलाधिकारी रामनगर को मृतक के परिजनों को तत्काल मुआवजा राशि प्रदान करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि आंधी-तूफान से किसानों की फसलों को हुए नुकसान का सटीक आकलन कर शीघ्र मुआवजा रिपोर्ट शासन को भेजें।सड़क हादसों और संभावित खतरों को देखते हुए जिलाधिकारी ने सभी परगना मजिस्ट्रेटों को सड़कों के किनारे खड़े सूखे और जर्जर पेड़ों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने यूपीसीएल विभाग के अधिकारियों को भी फटकार लगाते हुए झूलते हुए विद्युत तारों को तुरंत ठीक करने को कहा ताकि तेज हवा या बारिश के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो। बैठक में अपराध नियंत्रण हेतु पुलिस को प्रभावी कार्रवाई करने तथा शिक्षा व समाज कल्याण विभाग को पॉक्सो एवं एनडीपीएस के विरुद्ध जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।बैठक में अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र नेगी, एसपी सिटी मनोज कत्याल, नगर मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी सहित सभी उपजिलाधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बनभूलपुरा से कब्जेदारों को हटाने की तैयारी तेज

पात्रों को सरकार की आवास योजनाओं में चयनित किया जाएगा,कैंप लगाने के निर्देश

हल्द्वानी। हल्द्वानी के चर्चित बनभूलपुरा रेलवे भूमि अतिक्रमण मामले ममाननीय सुप्रीम कोर्ट में हुई ताजा सुनवाई के बाद अब शासन प्रशासन में बैठकों का दौर जारी है। यहां बसे हुए हजारों अवैध कब्जेदारों को हटाने के लिए जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है।जानकारी के मुताबिक मुख्यसचिव आनंद वर्धन भी नैनीताल प्रशासन के साथ बैठक करने वाले है।जबकि जिला प्रशासन ने हाई कोर्ट की उत्तराखंड विधिक परामर्श प्राधिकरण के साथ बैठक कर कैंप स्थानों का चयन कर लिया गया है।डीएम ललित मोहन रयाल के अनुसार ईद के त्यौहार के बाद इस पर काम में और तेज हो जाएगा, कोर्ट ने 19 मार्च के बाद इस तरह के कैंप लगाने के लिए निर्देशित किया गया था जिसमें प्रभावित परिवारों को पात्रता के आधार पर शॉर्ट लिस्ट कर लिया जाए कि जिन्हें वास्तव में आवास की जरूरत है उन्हें सरकार की आवास



योजनाओं में चयनित किया जाएगा। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि हल्द्वानी कैंप कार्यालय में प्रशासन, रेलवे और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक की जा चुकी है।जिलाधिकारी श्री रयाल ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए आदेशों का पालन एक निश्चित समय सीमा के भीतर किया जाए। रेलवे, नगर निगम, जिला विकास प्राधिकरण और ग्राम विकास विभाग को आपस में तालमेल बनाकर अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने को कहा गया है।डीएम ने सख्त लहजे में कहा कि कोर्ट और शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में किसी भी प्रकार की कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान रेलवे अधिकारियों से प्रकरण से जुड़ी विस्तृत जानकारी भी ली गई।जिला प्रशासन ने ये भी तय किया है जो लोग पात्र है वही कैंप में अपना दावा करे, झूठी सूचनाएं देने वालों को ये समझ लेना चाहिए कि पात्र लोगों के आवेदन की स्कूटनी सूक्ष्मता से की जाएगी, यदि किसनी ने गलत सूचना देकर प्रशासन का कोर्ट का समय नष्ट किया तो उसके खिलाफ सख्त कारवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने रेलवे कोर्ट में दर्ज मामलों के साथ साथ स्थानीय प्रशासन के पूर्व में किए सर्वे , भूमि दस्तावेज, आधार कार्ड, परिवार रजिस्टर आदि को भी अपने जांच के दायरे में रखा हुआ है ।नैनीताल एसएसपी मंजूनाथ टी सी के अनुसार अतिक्रमण प्रभावित बनभूलपुरा क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए जा रहे है, कैंप की सुरक्षा के साथ साथ माहौल बिगाड़ने वाले तत्वों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है, बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षाबल तैनात किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के तहत सभी विधिक कार्रवाई संपन्न करवाई जाएगी।

सीएम धामी भी कर सकते है बैठक

हल्द्वानी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी बनभूलपुरा मामले में शासन प्रशासन और रेलवे के साथ बड़ी बैठक कर सकते है। सीएम 21मार्च को हल्द्वानी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की जनसभा के उपरांत ये बैठक ले सकते है। उल्लेखनीय है कि ये मामला सुप्रीम कोर्ट में सरकार के लिए प्रतिष्ठा का विषय भी बना हुआ था, स्वयं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस मामले पर केंद्र सरकार और वरिष्ठ विधि विशेषज्ञों से विचार विमर्श किया था। श्री धामी ये भी कहते है कि वोटबैंक ,तुष्टिकरण की राजनीति के चलते कांग्रेस, समाजवादी पार्टी इस मुद्दे को हाईकोर्ट सुप्रीम कोर्ट लेकर गए जहां कोर्ट ने इसे सरकारी भूमि पर अतिक्रमण माना है। श्री धामी मानते है कि इस मुद्दे के हल हो जाने से कुमायूं में नए रेल प्रोजेक्ट्स आयेंगे जोकि यहां कि पर्यटन को नए आयाम देंगे ।

बेहड़ ने जन संवाद में सुनीं समस्याएं, दरऊ रोड कट पर जताई चिंता

किच्छा (उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने दरऊ रोड पर बनाए गए अनियंत्रित कट के कारण हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने की पुरजोर मांग की है। आयोजित जन सेवा संवाद कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि दरऊ रोड पर वर्तमान व्यवस्था के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं, जिसमें कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। यह विषय अत्यंत गंभीर है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूर्व में भी कई बार प्रशासन से इस चौराहे को सुचारू रूप से व्यवस्थित करने, इसे बड़े और सुरक्षित रूप में विकसित करने तथा ट्रैफिक व्यवस्था मजबूत करने का आग्रह किया गया था। विधायक ने कहा कि हर शहर में चौराहे होते हैं जिन्हें यातायात प्रबंधन से सुधारा जाता है, लेकिन यहाँ चौराहे को बंद कर आगे दोनों तरफ जो कट बनाए गए हैं, वे

हादसों को रोकने के बजाय बढ़ा रहे हैं। आए दिन नौजवान इन हादसों का शिकार हो रहे हैं जो बेहद दुखद है। उन्होंने मांग की कि इस स्थान पर ट्रैफिक लाइट लगाई जाए और स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं ताकि भविष्य में जानलेवा घटनाओं पर रोक लग सके।जन सेवा संवाद कार्यक्रम के दौरान विधायक तिलक राज बेहड़ ने क्षेत्रवासियों की अन्य विभिन्न समस्याओं को भी विस्तार से सुना। ग्राम नौगवां निवासी सुल्तान मोहम्मद सलाउद्दीन ने अपने खेत के ऊपर से गुजर रही 11,000 केवी की विद्युत लाइन को बाहर शिफ्ट कराने की मांग रखी, वहीं राघव नगर निवासी विजय नाथ ने विद्युत कनेक्शन से जुड़ी अपनी परेशानी साझा की। वार्ड नंबर 5 नानक नगर के निवासियों ने क्षेत्र में बिजली के पोल लगवाने की समस्या बताई। इसके अतिरिक्त राघव नगर और इंदरपुर के ग्रामीणों ने खस्ताहाल सड़कों के निर्माण की मांग उठाई, जबकि विकास कॉलोनी निवासी रोशनी ने राशन कार्ड से संबंधित समस्या विधायक के समक्ष रखी। विधायक तिलक राज बेहड़ ने सभी जनसमस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को इनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की मूलभूत समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

रुद्रपुर में मॉक ड्रिल का आयोजन कल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र की अध्यक्षता में 18 मार्च को होने वाले मॉक ड्रिल के संबंध में कलेक्ट्रेट में टेबलटॉप एक्सरसाइज संपन्न हुई। बैठक में जनपद की आईआरएस प्रणाली के समस्त नोडल अधिकारियों और विभिन्न औद्योगिक संस्थानों जैसे इंडियन ग्लाइकोल लिमिटेड काशीपुर, इंडियन ऑयल अदानी गैस पंतनगर और रॉकेट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पंतनगर के सुरक्षा प्रमुखों को ऑन साइट मॉक ड्रिल सफलतापूर्वक संपादित करने के निर्देश दिए गए। प्रशासन का उद्देश्य आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया और बेहतर समन्वय को परखना है। इसके तहत जिले में अलग-अलग स्थानों पर विभिन्न आपदा परिदृश्यों को चुनकर अभ्यास किया जाएगा।योजना के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं, तहसील किच्छा के अंतर्गत ग्राम दरऊ में कीट हमले (पेस्ट अटैक), वन विभाग द्वारा संजय वन में मानव वन्यजीव संघर्ष और खटीमा स्थित लोहिया हेड में बैराज का गेट टूटने से निचले इलाकों में होने वाले जलभराव की स्थिति पर आधारित मॉक ड्रिल की जाएगी। अपर जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निधारित परिदृश्य के अनुसार अभ्यास को गंभीरता से पूरा करें। बैठक में नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी ईशान कटारिया, डिप्टी कमांडेंट एनडीआरएफ सुनील राणा, एसीएमओ डॉक्टर डीपी सिंह, सीओ पंतनगर दी वर्मा, आरआई पुलिस लाइन यशवंत पाल, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी विद्या सिंह सोमनाल, अधिशासी अभियंता पेयजल निगम सुनील जोशी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी व्यक्तिगत और वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम में श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग पर झूमे श्रद्धालु

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम, गुरु मां स्वर्ग फार्म देवी जी के पावन सानिध्य में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन भक्ति और अध्यात्म की अविरल धारा बही। कथा के मुख्य यजमान प्रदीप जैन के परिवार द्वारा पूजन संपन्न कराया गया। कथा व्यास नारायण जी ने श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का मनोहारी वर्णन करते हुए बताया कि धन की सार्थकता उसे परमार्थ और सेवा कार्यों में लगाने में ही है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति निस्वार्थ भाव से लक्ष्मी-नारायण की सेवा करता है, उस पर प्रभु की कृपा स्वत: ही बरसने लगती है। कथावाचक नारायण चैतन्य जी महाराज ने अहंकार को मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु बताते हुए एक सटीक उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार स्वादिष्ट खीर में नींबू के रस की एक बूंद गिरने से वह पूरी तरह खराब हो जाती है, ठीक उसी प्रकार व्यक्ति के भीतर आया अहंकार उसकी तमाम अच्छाइयों और पुण्य कर्मों को नष्ट कर देता है। उन्होंने गोवर्धन पर्वत धारण करने के प्रसंग को समझाते हुए कहा कि जिस प्रकार श्रीकृष्ण ने गोवर्धन उठाकर इंद्र का मान मर्दन किया था, वही परमात्मा हर जीव के भीतर विराजमान है, इसलिए किसी भी प्राणी का तिरस्कार नहीं करना चाहिए। महाराज जी ने रासलीला का आध्यात्मिक अर्थ स्पष्ट करते हुए बताया कि यह कथा वास्तव में जीव और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है। यह

काम पर विजय प्राप्त करने का संदेश देती है। इसके साथ ही कथा में कंस वध का भी सजीव वर्णन किया गया। उन्होंने बताया कि कैसे श्रीकृष्ण ने कंस का वध कर मथुरा को अत्याचारों से मुक्ति दिलाई। इस अवसर पर महंत भजन प्रकाश अरोरा, श्याम खुराना, वैष्णो शक्ति मंदिर जगतपुरा की माता जोगिंदर कौर और अनंत प्रेम आश्रम से निष्ठानंद बाई जी ने भी कथा का श्रवण किया।कार्यक्रम में प्रदीप जैन, संजय जुनेजा, वेद ठुकराल, कमल कक्के, कैलाश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, सतनाम, राजेश, राजीव, नरेश, जिगर, गौरव, ताराचंद, सन्नी, लक्ष्य, जगदीश, आशा, रमन, शम्मी, सीमा, कंचन, गगन, सुनीता, प्रीति सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

मां ज्वाला जी की ज्योति लेकर कल रूद्रपुर पहुंचेगा जत्था

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। धार्मिक परंपराओं को जीवंत रखते हुए श्री दुर्गा यात्रा समिति के बैनर तले मां ज्वाला जी की अखंड ज्योति लेने गया श्रद्धालुओं का जत्था अपने गंतव्य की ओर वापसी कर चुका है। रुद्रपुर से रवाना हुए इस जत्थे ने माता वैष्णो देवी के दरबार में हाजिरी लगाने के बाद हिमाचल स्थित मां ज्वाला जी की पवित्र ज्योति प्राप्त की और अब पूरी श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ रुद्रपुर के लिए प्रस्थान कर दिया है। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने न केवल मुख्य धामों के दर्शन किए, बल्कि उत्तर भारत के प्रसिद्ध शक्तिपीठों में भी शीश नवाया। जत्थे ने मां चिंतपूर्णी मंदिर, नैना देवी मंदिर और मां चामुण्डा देवी मंदिर सहित कई अन्य पौराणिक व धार्मिक स्थलों के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। पूरी यात्रा

के दौरान माता के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा और श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। तीर्थ यात्रियों का यह जत्था कल दोपहर बाद मां की पावन ज्योति लेकर वापस रूद्रपुर पहुंचेगा। पावन ज्योति के रुद्रपुर आगमन पर भव्य स्वागत और विशेष पूजा-अर्चना की तैयारी की जा रही है, जिसे लेकर नगर के भक्तों में भी खासा उत्साह है। यात्रा में समिति के अध्यक्ष राकेश सुखीजा के नेतृत्व में विजय विरमानी, राकेश राजदेव, भोला, भूरे पाल, नरेश छाबड़ा, अशोक गंभीर, विक्की मदान, मदन बठला, नरेश अरोरा, सरिता गंभीर, वंदना अरोरा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हैं।

रुद्रपुर में महान गुरमत एवं संत समागम कल

रुद्रपुर । आदर्श कॉलोनी स्थित समाधि श्री मान 108 संत बाबा गोपाल सिंह जी महाराज गुरुद्वारे में कल 18 मार्च को महान गुरमत एवं संत समागम आयोजित होने जा रहा हैं समागम की तैयारियां पूर्ण हो गयी है समागम का आयोजन गुरुद्वारे की मुख्य सेवादार माता सुषमा कौर जी की देखरेख में किया जायेगा समागम में कई संत महापुरुष व रागी जत्थे पहुंचकर गुरु की महिमा का बखान करेंगे। गुरुद्वारे के सेवादार माता सुषमा कौर ने बताया कि भजनगढ़ पाकिस्तान के संत बाबा बचन सिंह जी के 16 शिष्यों में से एक संत बाबा गोपाल सिंह जी की याद में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी कल महान गुरमत एवं संत समागम का आयोजन किया जा रहा है यह आयोजन पिछले 53 वर्षों से निरंतर किया जा रहा है समागम के उपलक्ष्य में गत 16 मार्च से श्री अखंड पाठ चल रहा है 18 मार्च को प्रात: 9:30 बजे भोग पड़ेगा फिर भव्य दीवान सजाया जायेगा। जिसमें इस अवसर पर भाई चमनजीत सिंह जी लाल दिल्ली वाले, बाबा अमरजीत सिंह जी गालिब खुर्द पंजाब वाले,बाबा प्रताप सिंह जी नानकसर

बाजपुर वाले, कथावाचक भाई गुरुभेज सिंह जी रुद्रपुर वाले, कीर्तनी जत्था भाई सोहन सिंह जी रुद्रपुर वाले आदि कहीं सन्त महापुरुष सत्संग के माध्यम से संगत को आशीर्वचन देंगे व गुरु की महिमा का बखान कर संगत को निहाल भी करेंगे। इस दौरान गुरु का लंगर दोपहर 1बजे से अटूट बरतेगा। इस दौरान गुरुद्वारे के मुख्य सेवादार माता सुषमा कौर , दास आशीष मुंजाल, दास विक्की मुंजाल ने सभी सात संगत से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

कामना सागर में हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

मतुआ संप्रदाय ने धूमधाम से मनाई हरिचांद ठाकुर की 215वीं जयंती, भक्तिमय हुआ दिनेशपुर

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। हरिचांद गुरुचांद मतुआ मिशन के संस्थापक हरिचांद ठाकुर की 215वीं जयंती के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय महावारुणी उत्सव के दूसरे दिन आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। देश के विभिन्न राज्यों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र कामना सागर में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर में आचार्य विवेकानंद महाराज द्वारा सामूहिक दीक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने संप्रदाय की सदस्यता ग्रहण की।उत्सव के दूसरे दिन की शुरुआत श्हरि बोलश के अखंड कीर्तन के साथ हुई। दोपहर में आचार्य गोपाल महाराज की तस्वीर को रथ पर विराजमान कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ढोल-नगाड़ों, तुरहियों और शंखध्वनि के साथ निकली इस यात्रा ने पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। शोभायात्रा के पश्चात, पुजारियों ने ओड़ाकांडी धाम (बांग्लादेश), सात समुद्रों और देश की 13 प्रमुख नदियों से लाए गए पवित्र जल को कामना सागर में समाहित किया। जल के पवित्र होते ही श्रद्धालुओं का महावारुणी स्नान शुरू हुआ, जो सुबह से लेकर शाम तक अनवरत जारी रहा।उत्सव के दौरान मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। मेले में स्थानीय लोगों और दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने जमकर खरीदारी की और विभिन्न व्यंजनों का लुत्फ उठाया। इस धार्मिक आयोजन में रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा, भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कावल सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर, कांग्रेस प्रदेश महामंत्री ममता हालदार, आम आदमी पार्टी के बंगाली प्रदेश संयोजक सुभाष व्यापारी, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव किशोर हालदार, समाजसेवी बलविंदर साहू, हरिदास मंडल और भोला शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। संप्रदाय के अनुयायियों के अनुसार, यह पर्व आपसी भाईचारे और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है।

विधायक सुमित हृदयेश का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विधानसभा के बजट सत्र के दौरान हल्द्वानी सहित पूरे प्रदेश के जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को सदन में मजबूती से उठाने पर विधायक सुमित हृदयेश का जोरदार अभिनंदन किया गया। हल्द्वानी स्थित उनके निजी आवास पर बड़ी संख्या में पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया। उपस्थित लोगों ने विधायक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश में बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं, आयुष्मान और गोल्डन कार्ड योजनाओं की खामियों, एलपीजी गैस की किल्लत और युवाओं के रोजगार जैसे गंभीर विषयों को उन्होंने सदन के पटल पर प्रखरता से रखा है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि के रूप में सुमित हृदयेश हमेशा जनता की आवाज बनकर उभरते हैं।स्वागत से अभिभूत विधायक सुमित हृदयेश ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हल्द्वानी की जनता का स्नेह और

विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने भावुक शब्दों में कहा कि जनता की समस्याओं को सदन तक पहुँचाना उनका मौलिक कर्तव्य है और वे भविष्य में भी पूरे उत्तराखंड के हितों के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि जनहित और विकास उनकी पहली प्राथमिकता है और जनता का यह समर्थन उन्हें और अधिक ऊर्जा के साथ काम करने की प्रेरणा देता है।कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, सतीश नैनवाल, हरीश मेहता, हेमन्त बगड़वाल, एनबी गुणवंत, नरेश अग्रवाल, मलय बिष्ट, मयंक भट्ट, राजेन्द्र बिष्ट, गोविंद बिष्ट, पार्षद मुकुल बलुटिया, महिला महानगर अध्यक्ष मधु सांगुड़ी, शोभा बिष्ट, पार्षद भागीरथी बिष्ट, निर्मला जोशी, बिमला सांगुड़ी, रत्ना श्रीवास्तव, अल्का आर्य, गीता बहुगुणा, रेनू तोमर, मंजू पांडे, जगमोहन बगड़वाल, गिरीश पांडे, संजू पाना, महेशानंद, ब्लॉक अध्यक्ष हेम पांडे, मोहन बिष्ट, जाकिर हुसैन, गोविंद बगड़वाल, विधायक प्रतिनिधि जीवन सिंह कार्की, सतनाम सिंह, पार्षद शकील सलमानी, पार्षद विक्की त्रिपाठी, विनोद दानी, नेत्र जोशी, नवीन पांडे, योगेश जोशी, गिरीश तिवारी, जीत सिंह, भुवन तिवारी, संदीप भैसोड़ा, संजू उप्रेती, हिमांशु जोशी, दिवेश तिवारी, हरभजन भुल्लर, हेम जोशी, बसंत जोशी, नितिन भट्ट, अमित रावत, इंजीनियर सुमित कुमार, संजय साह, मन्नू गोस्वामी, बबलू बिष्ट, लच्छू भाई, संदीप पांडे, महेंद्र कुमार, राकेश बेलवाल, प्रमोद बेकवाल, वीर बिष्ट, प्रदीप कुमार, राजेन्द्र बिष्ट, जावेद वारसी, लाल सिंह पवार, संजय रावत, देवेंद्र नेगी, संजय जोशी, कमल बोरा, सुदर्शन परमार, विनोद जोशी, चरणजीत बिंद्रा, नीरज प्रभात गर्ग और कैलाश जोशी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

फसलों को भारी नुकसान, मुआवजे के लिए मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता नीरज तिवारी ने उपजिलाधिकारी हल्द्वानी के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तराखंड को एक ज्ञापन प्रेषित कर कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों के लिए उचित मुआवजे की मांग की है। ज्ञापन में अवगत कराया गया कि क्षेत्र में आए भीषण तूफान और तेज बारिश के कारण किसानों की आम, गेहूं सहित अन्य फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। इस आकस्मिक प्राकृतिक आपदा ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है और उनकी आजीविका के सम्मुख गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। नीरज तिवारी ने कहा कि किसान पहले से ही विभिन्न समस्याओं से जूझ रहा है और अब इस आपदा

ने उनकी कमर तोड़ दी है।किसानों की इस विकट समस्या को देखते हुए प्रशासन से मांग की गई है कि प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल स्थलीय निरीक्षण और फसलों का सर्वे कराया जाए। ज्ञापन में इस बात पर जोर दिया गया कि क्षति का सही आकलन कर प्रभावित किसानों को शीघ्र राहत और सरकार द्वारा निर्धारित सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए ताकि वे इस कठिन परिस्थिति से उबर सकें। इस दौरान किसानों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि यदि समय रहते उचित मुआवजा नहीं मिला तो किसान कर्ज के बोझ तले दब जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में नीरज तिवारी के साथ हेमू पडालिया (ग्राम प्रधान), वसीम भाई, टिकम मेहरा, संदीप बिनवाल, नीरज हाबिल और पुरन जोशी सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने हल्द्वानी में लॉन्च किया शोरूम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विश्व के प्रमुख और विश्वसनीय ज्वेलरी ब्रांड मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने हल्द्वानी में अपने पहले भव्य शोरूम का उद्घाटन कर उत्तराखंड में अपने रिटेल नेटवर्क का विस्तार किया है। यह राज्य में ब्रांड का

दूसरा और उत्तर भारत का 47वां शोरूम है। हल्द्वानी के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र में स्थित यह नया शोरूम लगभग 7,000 वर्ग फीट के विस्तृत क्षेत्र में फैला हुआ है। आधुनिक रिटेल मानकों के अनुरूप तैयार किए गए इस जी प्लस 1 फ्लोर वाले शोरूम का उद्घाटन हल्द्वानी काठगोदाम नगर निगम के मेयर गजराज सिंह बिष्ट द्वारा किया गया। इस अवसर पर मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स की प्रबंधन टीम के साथ ही कई विशिष्ट अतिथि और बड़ी संख्या में ग्राहक उपस्थित रहे।शोरूम में ग्राहकों के लिए सोना, डायमंड, प्लैटिनम, जेमस्टोन और सिल्वर ज्वेलरी की विशाल रेंज उपलब्ध कराई गई है। इसमें ब्रांड के प्रसिद्ध सिग्नेचर कलेक्शन के साथ ब्राइडल ज्वेलरी, पारंपरिक डिजाइन, त्योहारों के विशेष आभूषण और दैनिक उपयोग के लिए लाइटवेट डिजाइनों का शानदार संग्रह रखा गया है। इस मौके पर मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने अपना संदेश साझा करते हुए कहा कि उत्तराखंड उनके लिए एक महत्वपूर्ण राज्य है, जहाँ के ग्राहक गुणवत्ता और पारदर्शिता को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने खुशी जताई कि हल्द्वानी शोरूम के माध्यम से ब्रांड अब कुमाऊं क्षेत्र के ग्राहकों के और करीब आ गया है।ब्रांड के अन्य शोरूमों की तरह यहाँ भी ष्वन इंडिया वन गोल्ड रेटष नीति लागू रहेगी, जिससे ग्राहकों को पूरे देश में सोने की एक समान कीमत का लाभ मिलेगा। इसके साथ ही ग्राहकों को एचयूआईडी अनुपालन वाला सोना, प्रमाणित डायमंड और बिलिंग में पूर्ण पारदर्शिता का भरोसा दिया गया है। ब्रांड गोल्ड और डायमंड्स पर 100 प्रतिशत एक्सचेंज वैल्यू, कॉम्प्लिमेंट्री इंश्योरेंस और लाइफटाइम मेंटेनेंस सपोर्ट जैसी सुविधाएं भी प्रदान कर रहा है। हल्द्वानी के इस नए केंद्र के खुलने से स्थानीय ग्राहकों को अब विश्वस्तरीय खरीदारी का अनुभव अपने ही शहर में प्राप्त हो सकेगा।

ऋषि और कृषि से है भारत की पहचान : कोश्यारी

पुरस्कार वितरण के साथ 119 वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का भव्य समापन

पंतनगर(उद संवाददाता)। चार-दिवसीय 119 वें अखिल भारतीय किसान मेले एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के गांधी हाल में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि माननीय पूर्व राज्यपाल, महाराष्ट्र एवं पूर्व मुख्यमंत्री, उत्तराखंड, पद्म भूषण श्री भगत सिंह कोश्यारी के साथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान, अधिष्ठाता कृषि

डा. सुभाष चन्द्रा, निदेशक प्रसार शिक्षा, डा. जितेन्द्र क्वात्रा एवं निदेशक शोध डा. एस.के. वर्मा मंचासीन थे। मुख्य अतिथि भगत सिंह कोश्यारी ने पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि किसान मेले के माध्यम से किसानों, वैज्ञानिकों और छात्रों को एक ही स्थान पर सीखने और अनुभव साझा करने का महत्वपूर्ण अवसर मिलता है। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं है, बल्कि यहाँ से किसान नई तकनीक और नई प्रेरणा लेकर अपने गांवों तक जाते हैं। किसान यहाँ केवल सीखने ही नहीं आते, बल्कि अपने अनुभव भी साथ लेकर आते हैं, जिससे ज्ञान का आदान-प्रदान और अधिक प्रभावी होता है। राष्ट्र की प्रगति में किसान और वैज्ञानिक दोनों की भूमिका समान रूप से महत्वपूर्ण है। भारत प्राचीन काल से ही अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए आगे बढ़ता रहा है और आज विश्व में एक नई शक्ति के रूप में उभर रहा है। भारत तेजी से विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि भारत की पहचान "ऋषि और कृषि" से बनती है। हमारी परंपरा ऋषियों के ज्ञान और किसानों की मेहनत पर आधारित रही है। मुख्य अतिथि ने वैज्ञानिकों, छात्रों और शोधकर्ताओं से अपील की कि वे अपने ज्ञान और अनुसंधान को किसानों तक पहुँचाने का कार्य निरंतर करते रहें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को क्यूएस रैंकिंग में स्थान प्राप्त होना गर्व की बात है, लेकिन असली सफलता तब होगी जब यहाँ से सीखकर किसान अपने खेतों में नई तकनीक अपनाएँ और अपनी आय तथा उत्पादन बढ़ाएँ। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में मोटे अनाज की मांग तेजी से बढ़ रही है। पहले इन्हें गरीबों का भोजन माना जाता था, लेकिन आज स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी होने के कारण देश-विदेश में इनकी मांग बढ़ गई है। उन्होंने इन फसलों के उत्पादन और आधुनिक तकनीकों के विकास पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पंतनगर विश्वविद्यालय से प्राप्त ज्ञान, अनुसंधान और नवाचार किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। साथ ही वैज्ञानिकों से आग्रह किया कि अनुसंधान का परिणाम खेतों में दिखाई देना चाहिए और उसका सीधा लाभ किसानों तथा ग्रामीण समाज तक पहुँचना चाहिए। उन्होंने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर भी जोर देते हुए कहा कि पर्यावरण के अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाना समय की आवश्यकता है। अंत में उन्होंने किसानों से नई तकनीकों और वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि जब किसान आगे बढ़ेंगे, तभी प्रदेश और देश आत्मनिर्भर बनेंगे। उन्होंने किसानों, वैज्ञानिकों और छात्रों को शुभकामनाएँ देते हुए आशा व्यक्त की कि आने वाले वर्षों में किसान मेला और अधिक भव्य तथा सफल बनेगा। किसान मेले की अध्यक्षता करते कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि श्री कोश्यारी एक ऊर्जावान और प्रेरणादायी व्यक्तित्व के धनी हैं। उन्होंने कहा कि श्री कोश्यारी को देश के प्रतिष्ठित सम्मान पद्म भूषण से अलंकृत किया गया है और यह विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है कि सम्मान प्राप्त करने के बाद वे पहली बार पंतनगर विश्वविद्यालय आए हैं। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय किसानों को नई तकनीकों और उन्नत फसल किस्मों की जानकारी देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित उन्नत बीज, आधुनिक कृषि उपकरण, पशुपालन तकनीक तथा कृषि आधारित नवाचार किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। विश्वविद्यालय कृषि यंत्रीकरण, डेयरी, मत्स्य पालन, बागवानी, मशरूम उत्पादन तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज कृषि क्षेत्र जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है, इसलिए किसानों को वैज्ञानिक खेती और नई तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता है। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक द्वारा गोष्ठियों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को इन चुनौतियों से निपटने के लिए मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। कार्यक्रम के प्रारम्भ में चार-दिवसीय 119वें किसान मेले के बारे में जानकारी देते हुए डा. जितेन्द्र क्वात्रा ने बताया कि विश्वविद्यालय के लगभग 50 लाख के बीज, पौधे व कृषि साहित्यों की बिक्री की गयी। उन्होंने बताया कि इस मेले में विभिन्न फर्मों, विश्वविद्यालय एवं अन्य सरकारी संस्थाओं के छोटे-बड़े लगभग 416 स्टाल लगाये गये व लगभग 21 हजार 5 सौ से अधिक पंजीकृत एवं अपंजीकृत किसानों एवं विद्यार्थियों ने मेले का भ्रमण किया। विश्वविद्यालय में चल रहे चार-दिवसीय किसान मेले के समापन समारोह में किसान मेले में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा प्रदर्शित किये गये जिसमें पौष्टिक भोजन कम दामों पर उपलब्ध कराने हेतु प्रशंसनीय कार्यो हेतु महिला क्बल, पंतनगर को पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिसको महिला क्लब की अध्यक्षा श्रीमती वीना चौहान एवं उनकी टीम ने प्राप्त किया। इस अवसर पर चयनित स्टालों को भी पुरस्कृत किया गया। किसान मेले में सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए मैसर्स ए.एच. एसोसिएट्स, काशीपुर तथा सर्वोत्तम स्टॉल के लिए मैसर्स जय गुरुदेव इण्डस्ट्रीज, रुद्रपुर को पुरस्कृत किया गया। किसान मेले में 13-14 मार्च को आयोजित उद्यान प्रदर्शनी में गमले में लगे पौधे, कटे फूल, फल, सब्जियां तथा प्रसंस्करित उत्पादों की विभिन्न श्रेणियों में प्रतियोगिता हुई जिसमें कुल 66 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से 63 प्रतिभागियों को विभिन्न वर्गों में पुरस्कार प्रदान किए गए। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उत्तराखंड सैनिक पुनर्वास संस्था को प्रथम तथा उत्तराखंड सैनिक फार्म को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को घरेलू उत्पादों एवं मोटे अनाजों से उत्पाद हेतु सम्मानित किया गया। इसके साथ ही पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा मॉडल के माध्यम से नवाचार बनाने हेतु प्रोत्साहन राशि देकर पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त इस अवसर पर किसान मेले में आयोजित पशु प्रदर्शनी एवं अन्य प्रतियोगिता में विभिन्न स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को भी पुरस्कार प्रदान किये गये। साथ ही मेले में लगाये गए विभिन्न वर्गों के स्टॉलों को भी उनके प्रदर्शन व बिक्री के आधार पर पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह में डा. एस. के. वर्मा ने कार्यक्रम के अंत में सभी का धन्यवाद दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, निदेशकगण, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, विद्यार्थी एवं कृषक उपस्थित थे।

गरीब रथ ट्रेन पुनः संचालित करने की मांग

महापौर के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल ने रेलवे अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर। नवरात्र पर्व, माता वैष्णो देवी यात्रा और आगामी श्री अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा हेतु गरीब रथ ट्रेन को दोबारा शुरू करने की मांग तेज हो गई है। इसी को लेकर महापौर विकास शर्मा ने श्री अमरनाथ जी सेवा मंडल के पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ रुद्रपुर रेलवे स्टेशन पहुंचकर रेल अधिकारियों से वार्ता की। इस दौरान उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक इज्जतनगर बरेली को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें गरीब रथ ट्रेन को जनहित में पुनः संचालित करने की मांग की गयी। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि रुद्रपुर और आसपास के क्षेत्रों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता वैष्णो देवी और अन्य धार्मिक स्थलों की यात्रा

करते हैं। पिछले चार वर्षों से संचालित हो रही गरीब रथ ट्रेन यात्रियों के लिए बेहद सुविधायोग्य और किफायती साधन थी, लेकिन पिछले करीब चार माह से इसका संचालन बंद होने के कारण यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।महापौर विकास शर्मा ने कहा कि रुद्रपुर शहर से पंजाब और जम्मू जाने वाले यात्रियों के लिए यह ट्रेन जीवनरेखा के समान है। अब जबकि गर्मियों की छुट्टियां शुरू होने वाली हैं और श्री अमरनाथ जी की पवित्र यात्रा भी प्रारंभ होने को है, ऐसे में ट्रेन सेवा बंद रहने से श्रद्धालुओं की परेशानी और बढ़ जाएगी। उन्होंने बताया कि जनपद उधम सिंह नगर सहित पूरे तराई क्षेत्र के लोगों की आस्था और सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस ट्रेन का पुनः संचालन अत्यंत आवश्यक है। महापौर ने रेल अधिकारियों से मांग की है कि यात्रियों की बढ़ती संख्या और धार्मिक यात्राओं के सीजन को देखते हुए इज्जतनगर रेल मंडल इस दिशा में त्वरित निर्णय ले। ज्ञापन सौंपने के दौरान श्री अमरनाथ जी सेवा मंडल के अध्यक्ष अजय चड्ढा और संरक्षक सुनील ठुकराल, राजन राठौर, अमित अरोरा बॉबी, सहित मंडल के अनेक पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

अवैध खनन पर लापरवाही पर पूरी चौकी लाइन हाजिर

रुद्रपुर/शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने कार्यों के प्रति उदासीनता बरतने और क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश न लगा पाने के चलते चौकी शक्तिफार्म के प्रभारी समेत वहां तैनात समस्त स्टाफ को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। एसएसपी की इस बड़ी कार्रवाई से उन पुलिसकर्मियों में खलबली मच गई है जो ड्यूटी के प्रति लापरवाही बरत रहे हैं। एसएसपी अजय गणपति ने यह कदम दैनिक समाचार पत्रों में शक्तिफार्म क्षेत्र के अंतर्गत अवैध मिट्टी खनन की प्रकाशित खबरों का संज्ञान लेते हुए उठाया। क्षेत्र में लंबे समय से अवैध खनन की शिकायतें मिल रही थीं, जिसे लेकर समाचार पत्रों ने प्रमुखता से खबरें प्रकाशित की थीं। एसएसपी द्वारा जब इन खबरों की पड़ताल की गई और चौकी स्तर पर की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई, तो पाया गया कि चौकी पुलिस अवैध खनन रोकने में पूरी तरह विफल रही है और ड्यूटी के प्रति घोर लापरवाही व उदासीनता बरती गई है। एसएसपी ने अनुशासनहीनता और कार्य में शिथिलता को गंभीरता से लेते हुए चौकी प्रभारी शक्तिफार्म, उप निरीक्षक प्रकाश चन्द्र भट्ट सहित चौकी में नियुक्त सभी 8 पुलिस कर्मचारियों को तत्काल पुलिस लाइन स्थानांतरित (लाइन हाजिर) कर दिया है। एसएसपी अजय गणपति ने जनपद के समस्त थाना व चौकी प्रभारियों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि ऊधमसिंहनगर में अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

धौंस जमाने के लिए तमंचा रखने वाला युवक गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली ट्रांजिट कैंप पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक युवक को अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, सोमवार रात उपनिरीक्षक पंकज सिंह महर अपनी टीम के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के लिए गश्त पर थे। जब टीम गड्डा कॉलोनी से होते हुए पंचवटी फेज-1 के पास पहुंची, तो मुख्य मार्ग से कुछ भीतर एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में टहलता हुआ दिखाई दिया। पुलिस की गाड़ी को देखकर युवक घबरा गया और तेज कदमों से भागने लगा। संदेह होने पर टीम ने पीछा कर उसे घेराबंदी कर बिजली के खंभे के पास पकड़ लिया।पूछताछ में युवक ने अपना नाम मोहम्मद मैसाद पुत्र भूरा खान, निवासी शास्त्रीनगर गड्डा कॉलोनी (वार्ड नंबर-12) बताया। तलाशी लेने पर उसकी पैंट की जेब से एक 315 बोर का अवैध तमंचा और नाल में फंसा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। जब पुलिस ने हथियार के लाइसेंस के बारे में पूछा, तो वह माफी मांगने लगा। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि वह नशे का आदी है और लोगों में अपना खौफ पैदा करने तथा अपनी सुरक्षा के उद्देश्य से यह तमंचा अपने पास रखता था। पुलिस ने अवैध हथियार को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक पंकज सिंह महर के साथ हेड कांस्टेबल अनिल कुमार और कांस्टेबल विपेंद्र सिंह शामिल रहे।

तरुण हत्याकांड के दोषियों को फांसी देने की मांग

किच्छा (उद संवाददाता)। राजधानी दिल्ली के उत्तम नगर क्षेत्र में युवक तरुण की निर्मम हत्या के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस जघन्य हत्याकांड को लेकर स्थानीय लोगों और हिंदू संगठनों में गहरा आक्रोश है। राष्ट्रीय हिंदू युवा संगठन के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राहुल खत्री के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से प्रेषित किया। ज्ञापन में दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की पुरजोर मांग की गई है। संगठन का कहना है कि होली जैसे पावन पर्व के दौरान हुई इस अमानवीय घटना ने मानवता को शर्मसार कर दिया है और समाज में असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है। संगठन ने अपनी मांगों में स्पष्ट किया है

कि इस गंभीर प्रकरण की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में की जाए और आरोपियों को फांसी की सजा दिलाई जाए। इसके साथ ही, अमानवीय कृत्य का शिकार हुए परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उन्हें उचित मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा परिवार व गवाहों को पुलिस सुरक्षा मुहैया कराने की मांग उठाई गई है। ज्ञापन में यह भी चेतावनी दी गई है कि न्याय व्यवस्था पर आम जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए त्वरित निर्णय लिया जाना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, ज्ञापन के माध्यम से आगामी नवरात्रि पर्व की मर्यादा का मुद्दा भी उठाया गया। संगठन ने मांग की है कि धार्मिक भावनाओं को देखते हुए नव रात्रि के दौरान क्षेत्र में मांस-मछली की दुकानों को अस्थायी रूप से बंद कराया जाए, ताकि श्रद्धालु शांति पूर्ण और पवित्र वातावरण में पूजा-अर्चना कर सकें। संगठन ने प्रशासन से अपील की है कि वे इस पूरे प्रकरण का शीघ्र संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस दौरान अजय सिंह, कुंवर सेन, विदिशा खत्री, मुकेश राय सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

विधानसभा चुनावों का ऐलान

निर्वाचन आयोग की ओर से चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनावों की तारीख तय किए जाने के साथ ही अब वहां नए जन प्रतिनिधियों को चुने जाने की प्रक्रिया की शुरुआत हो गई है। इसके समांतर यह बहस का विषय है कि जिन जगहों पर अभी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर के बाद अंतिम सूची तैयार होना बाकी है, वहां यह कैसे सुनिश्चित होगा कि सभी पात्र मतदाताओं को मतदान का अधिकार मिले।गौरतलब है कि रविवार को पश्चिम बंगाल, केरल, असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी में चुनावों की तारीखों की घोषणा कर दी गई। पश्चिम बंगाल में दो चरण और बाकी जगहों पर एक चरण में चुनाव होंगे। इसी क्रम में अलग-अलग राज्यों की आठ विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव होंगे। मतदान की तारीखों की घोषणा के साथ ही अब इन जगहों पर चुनावी आचार संहिता लागू हो गई है। मगर कई बार राजनीतिक दल मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं की घोषणा पहले ही कर देते हैं। अब तक इस प्रवृत्ति पर कोई ठोस नियंत्रण नहीं हुआ है।ज्यादातर मौकों पर चुनाव के ठीक पहले विशेष घोषणाएं और मुफ्त की सौगात देने को लेकर राजनीतिक दलों के बीच होड़-सी लग जाती है। इसमें सत्ताधारी दल को ऐसी घोषणा करने और तुरंत अमल करने का बेहतर मौका मिलता है।असम में महिलाओं, विद्यार्थियों और चाय बागानों में काम करने वालों के लिए नकद भुगतान योजनाओं के जरिए भाजपा ने मतदाताओं के एक बड़े हिस्से का समर्थन हासिल करने के लिए मजबूत दांव खेला। हालांकि कई स्थानीय मुद्दों और विवादों पर उसे विपक्ष से चुनौती मिल सकती है। पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव की घोषणा के ठीक पहले पुरोहितों और मुअज्जिनों के मासिक मानदेय में पांच सौ रुपए की बढ़ोतरी के अलावा कुछ अन्य घोषणाएं कीं। ऐसे फैसलों को जनहित में बताया जाता है, लेकिन विचित्र यह है कि मतदाताओं को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं की याद सत्ताधारी पार्टियों को चुनाव सिर पर आने के बाद ही आती है। इन चुनावों में सबसे अहम मुद्दा यह उभरा है कि कई जगहों पर मतदाता सूची का काम अभी अंतिम स्वरूप में नहीं पहुंचा है। क्या बहुत सारे लोग भी वोट देने से वंचित रह जाएंगे, जिन्हें वैध मतदाता माना जाएगा? पश्चिम बंगाल में इस बार मतदाता सूची में बदलाव पर खासा विवाद है। एसआइआर के बाद अंतिम सूची से लगभग छियासठ लाख मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। वहीं करीब साठ लाख मतदाताओं के नाम अभी भी विचाराधीन सूची में हैं। मतदाता सूची से हटाए गए नाम, उन पर उठी आपत्तियां, सुधार के दावे आदि तमाम विवाद चुनाव की तारीख से पहले निपटा लिए जाएंगे या नहीं, यह सवाल बना हुआ है। अगर वैध मतदाता भी मतदान से वंचित रह गए, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा? समय पर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है। मगर यह भी जरूरी है कि सभी सीटों पर हर पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में कोई भी अपनी भागीदारी के अधिकार से वंचित न हो।

मुख्यमंत्री घोषणाओं को जल्द पूरा करने के निर्देश

लंबित प्रोजेक्ट्स पर 15 दिन में होगा फैसला,मुख्य सचिव ने विभागों को दी चेतावनी

देहरादून (उद संवाददाता)। सचिवालय सभागार में मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री घोषणाओं और मुख्यमंत्री की 10-10 घोषणाओं पर आधारित कार्यों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित परियोजनाओं की प्रगति का बारीकी से विवरण लिया गया। मुख्य सचिव ने सभी विभागाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री घोषणाओं के अंतर्गत आने वाली सभी योजनाओं और परियोजनाओं पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी तकनीकी या अन्य कारण से किसी परियोजना को पूर्ण करना संभव नहीं है और उसे सूची से हटाना (विलोपन) है, तो इसका स्पष्ट प्रस्ताव अगले 15 दिनों के भीतर मुख्यमंत्री घोषणा सेल को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दिया जाए। यदि तय समय में प्रस्ताव नहीं मिला, तो यह माना जाएगा कि विभाग उस कार्य को पूर्ण करने के लिए उत्तरदायी है।मुख्य सचिव ने भूमि उपलब्धता और विभागीय समन्वय से जुड़े मामलों पर विशेष ध्यान

देने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन प्रोजेक्ट्स में जमीन की समस्या आ रही है, वहां संबंधित विधायक, स्थानीय जनप्रतिनिधि और जिलाधिकारी के साथ समन्वय बनाकर तत्काल स्थिति स्पष्ट की जाए। उन्होंने अंतर विभागीय मुद्दों को भी आपसी संवाद से सुलझाने पर जोर दिया ताकि निर्णय लेने में देरी न हो। जो योजनाएं व्यावहारिक नहीं हैं उन्हें हटाने और जहां औपचारिकताएं पूरी हो सकती हैं वहां तत्काल काम शुरू करने के आदेश दिए गए। लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया कि सड़क निर्माण से संबंधित संभव कार्यों के शासनादेश तुरंत जारी करें और जो कार्य नहीं हो सकते उनका विलोपन प्रस्ताव दें। इसी तरह पेयजल योजनाओं के लिए 20 दिन की समय सीमा तय करते हुए कार्य की स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया।शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए यदि सरकारी भूमि उपलब्ध नहीं है, तो नियमों के तहत निजी या वन भूमि के विकल्पों पर विचार किया जाए। साथ ही, जिन जनपदों में राज्य संपत्ति विभाग या लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस नहीं हैं, वहां नए निर्माण के प्रस्ताव मांगे गए हैं। नामकरण विवाद के कारण लंबित पड़े प्रोजेक्ट्स पर उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के साथ मिलकर शीघ्र निर्णय लेने के निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा, सचिव सचिन कुर्वे, रविनाथ रामन, चंद्रेश कुमार यादव, एसएन पांडेय, वीषणमुगम, एसए अदांकी, विनोद कुमार सुमन, युगल किशोर पंत, डॉक्टर आर राजेश कुमार, रणवीर सिंह, अहमद इकबाल और मुख्य वन संरक्षक रंजन मिश्र सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

वाइब्रेंट विलेज योजना के अंतर्गत सीमांत गांवों के लिए 402 करोड़ के विकास कार्यों को मिली मंजूरी

देहरादून (उद संवाददाता)। सचिवालय में मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में वाइब्रेंट विलेज प्रोजेक्ट की स्टेट लेवल स्क्रीनिंग कमेटी की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत चयनित सीमांत गांवों के सर्वांगीण विकास पर विस्तार से चर्चा की गई और समिति द्वारा लगभग 402 करोड़ रुपये के नए विकास प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान किया गया। इन स्वीकृत प्रस्तावों के माध्यम से सीमांत क्षेत्रों के गांवों में पर्यटन हाउसिंग और ग्राम अवसंरचना को मजबूत किया जाएगा। इसके साथ ही सड़क संपर्क सुधारने और सामाजिक विकास के कार्यों को गति दी जाएगी। ग्रामीणों की सुविधा के लिए अस्पताल, खेल के मैदान, स्मार्ट कक्षाएं, स्मॉल जिम सेंटर और सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने जैसे कार्य प्रमुखता से किए जाएंगे। कृषि उत्थान से जुड़े विभिन्न कार्यों को भी इन प्रस्तावों में शामिल किया गया है ताकि सीमांत क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए आजीविका के नए और बेहतर अवसर सृजित हो सकें और गांवों की आर्थिक व सामाजिक स्थिति को मजबूती मिल सके।मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि वाइब्रेंट विलेज योजना के अंतर्गत संचालित किए जा रहे सभी कार्य पूर्ण पारदर्शिता और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता इतनी उत्कृष्ट होनी चाहिए कि ये सीमांत गांव अन्य क्षेत्रों के लिए प्रेरणादायक आदर्श गांव के रूप में स्थापित हो सकें। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि इन योजनाओं से प्राप्त होने वाले परिणामों और लोगों की आजीविका में आने वाले संभावित बदलावों का स्पष्ट विवरण साझा किया जाए। इसके साथ ही दीर्घकालिक लाभ का ब्यौरा भी उपलब्ध कराया जाए। इस बैठक में सचिव सी. रविशंकर, अपर सचिव अनुराधा पाल, आलोक कुमार पांडेय, नवनीत पांडेय और वन विभाग से रंजन मिश्र उपस्थित रहे। इनके अलावा आईटीबीपी, पुलिस तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।

कुंभ के लिए बजट की कमी नहीं होने दी जाएगी: धामी

मुख्यमंत्री ने कुंभ मेला 2027 की तैयारियों की समीक्षा कर समयबद्ध कार्य पूरे करने के निर्देश दिए

हरिद्वार/देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार का भ्रमण कर कुंभ मेला 2027 की तैयारियों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। डामकोठी में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अगले वर्ष आयोजित होने वाले कुंभ मेले के दिव्य और भव्य स्वरूप के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी की जाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि कुंभ जैसे विराट और वैश्विक आयोजन में किसी भी स्तर पर कोई कमी नहीं रहनी चाहिए और सभी संबंधित विभाग पूरी क्षमता व आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कुंभ कार्यों के लिए धनराशि की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी और प्रस्तावित कार्यों के लिए शासन स्तर से आवश्यक स्वीकृतियां शीघ्र जारी की जाएंगी। इस दौरान उन्होंने दूरभाष पर मुख्य सचिव से वार्ता कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश भी दिए।समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने सड़क, पुल, पेयजल, स्वास्थ्य, यातायात और पार्किंग व्यवस्था से जुड़े स्थायी प्रकृति के कार्यों की प्रगति जांची और गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि आगामी चारधाम यात्रा, वर्षाकाल और कांवड़ यात्रा को ध्यान में रखते हुए कार्यों के क्रियान्वयन की रणनीति बनाई जाए।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उन्होंने आधुनिक तकनीकों से लैस इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर की स्थापना को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और मेला नियंत्रण भवन के पास प्रस्तावित सीसीआर 2 भवन परियोजना को शीघ्र वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने के निर्देश दिए। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए खड़खड़ी पुल और श्रीयंत्र पुल से संबंधित योजनाओं को भी प्राथमिकता में रखने को कहा गया। मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश और मुनीकीरेती सहित कुंभ क्षेत्र के सभी सेक्टरों में बुनियादी सुविधाओं, स्वच्छता और सीवरेज प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने के साथ ही डामकोठी अतिथिगृह के विस्तार के लिए आधुनिक भवन निर्माण की योजना तैयार करने के निर्देश दिए।बैठक में मेलाधिकारी सोनिका ने जानकारी दी कि वर्तमान में सड़कों, पुलों और घाटों के निर्माण सहित स्थायी प्रकृति की 33 योजनाएं निर्माणाधीन हैं और सभी पर कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि मनसा देवी और चंडी देवी मंदिर मार्गों के सुधार की योजना को भी मंजूरी मिल गई है। इस बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, मेयर नगर निगम किरण जैसल, रुड़की मेयर अनीता अग्रवाल, विधायक हरिद्वार मदन कौशिक, विधायक रानीपुर आदेश चौहान, विधायक रुड़की प्रदीप बत्रा, पूर्व मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद, भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, राज्य मंत्री देशराज कर्णवाल, शोभाराम प्रजापति, सुनील सैनी, ओम प्रकाश जमदग्नि, जयपाल सिंह चौहान, पूर्व मेयर मनोज गर्ग, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर, मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा, अपर मेलाधिकारी दयानंद सरस्वती, सचिव एचआरडीए मनीष कुमार, उप मेलाधिकारी आकाश जोशी, मंजीत सिंह गिल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कामना सागर में उमड़े श्रद्धालु,भक्ति में डूबा शक्तिफार्म

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। शक्तिफार्म के गुरुग्राम स्थित पावन हरि गुरुचांद मंदिर परिसर में मंगलवार को आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला।

महावारुणी पर्व के पावन अवसर पर जैसे ही सूरज की पहली किरणें धरती पर पड़ीं, पवित्र कामना सागर का तट श्रद्धालुओं के सैलाब से भर गया। मतुआ धर्म के अनुयायियों ने अटूट श्रद्धा और विश्वास के साथ सरोवर में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। भोर की मंगल बेला से ही पूरा वातावरण हरि बोल और जय गुरुचांद के जयघोष से गुंजायमान हो उठा।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, कामना सागर में सच्ची आस्था के साथ स्नान करने से भक्तों के समस्त कष्टों का निवारण होता है और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। भोर से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और स्नान का क्रम देर शाम तक जारी रहा। मंदिर परिसर में संत-महात्माओं और धर्माचार्यों के सानिध्य में विशेष पूजा-अर्चना, हवन और सत्संग के आयोजन किए गए, जिससे समूचा क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत नजर आया। भक्ति रस में सराबोर श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों की थाप पर कीर्तन करते हुए आत्मिक शांति का अनुभव कर रहे थे।हजारों की भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए थे। स्नान घाटों पर साफ-सफाई के साथ-साथ पेयजल और प्रसाद वितरण की सुचारू व्यवस्था की गई थी। स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह मुस्तैद रहा, जिससे दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। श्रद्धालुओं का कहना है कि यह स्थल केवल एक धार्मिक केंद्र नहीं, बल्कि आत्मिक ऊर्जा का वह पुंज है जहाँ आकर सकारात्मकता का संचार होता है।

बुजुर्ग के घर पर हमला, तोड़फोड़ और लाखों की लूट

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।नगर पंचायत शक्तिफार्म के शास्त्री वार्ड नंबर-2 में एक 65 वर्षीय बुजुर्ग के घर पर दो दिनों तक लगातार हमला, तोड़फोड़ और लूटपाट की घटना सामने आई है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित निरंजन मंडल ने बताया कि 13 मार्च 2026 को दोपहर करीब 12:30 बजे कुछ नामजद लोगों समेत 8-10 अज्ञात व्यक्ति उनके घर में जबरन घुस आए और तोड़फोड़ शुरू कर दी। सूचना मिलने पर जब वह घर पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की कोशिश की, जिससे जान बचाकर उन्हें वहां से भागना पड़ा। पीड़ित का आरोप है कि घटना की सूचना तुरंत पुलिस चौकी में देने के बावजूद समय पर मदद नहीं मिली। बाद में रात में पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। इसके

बाद 14 मार्च की सुबह आरोपियों ने दोबारा हमला कर घर में भारी तोड़फोड़ की और लाखों रुपये की संपत्ति लूट ली। लूटे गए सामान में सिलाई मशीनें, ओवरलॉक मशीन, धागे, कपड़े, चावल-गेहूं, सोने के आभूषण, नकदी करीब 2.40 लाख रुपये, सीसीटीवी कैमरा व अन्य घरेलू सामान शामिल हैं। कुल नुकसान लगभग साढ़े तीन लाख रुपये से अधिक बताया जा रहा है।पीड़ित ने बताया कि वह वृद्ध और विकलांग हैं तथा उनकी पत्नी सिलाई का काम कर घर चलाती हैं। इस घटना से उनका रोजगार भी पूरी तरह प्रभावित हो गया है। पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने और लूटा गया सामान वापस दिलाने की मांग की है। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है, वहीं पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। आज चौकी पर अस्थाई रूप से आये उपनिरीक्षक ने घटना स्थल पर पहुंच कर निरीक्षण किया।

जिला योजना में 31 मार्च से पहले ही 99 प्रतिशत धनराशि हुई व्यय

भीमताल (उद संवाददाता)। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने जिले में संचालित विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति पर विभागों द्वारा बजट खर्च करने की दिशा में दिखाई गई बेहतर प्रगति पर जिलाधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जिला योजना के अंतर्गत 99 प्रतिशत धनराशि का समय से पूर्व व्यय होना एक सराहनीय उपलब्धि है। जिलाधिकारी ने 31 मार्च की अंतिम तिथि का इंतजार करने की पुरानी परंपरा को तोड़कर पहले ही कार्य पूर्ण करने के लिए अधिकारियों की पीठ थपथपाई और शेष 1 प्रतिशत धनराशि को भी बुधवार तक खर्च करने के निर्देश दिए।20 सूत्रीय कार्यक्रमों में श्एश श्रेणी बनाए रखने पर जोर 20 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जो विभाग वर्तमान में श्एश श्रेणी में हैं, वे वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक

अपनी रैंकिंग बरकरार रखें। उन्होंने अधिकारियों को सचेत किया कि वर्ष के अंतिम 15 दिन शेष हैं, इसलिए पूरी तत्परता से कार्य करें ताकि जनपद किसी भी योजना में पीछे न रहे। साथ ही, उन्होंने आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अभी से जनोपयोगी प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए, जिसमें वचनबद्ध कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही गई।पेयजल संकट और फसल सुरक्षा के लिए बनेगी विशेष रणनीति भीषण गर्मी की आहट को देखते हुए जिलाधिकारी ने पेयजल एवं सिंचाई विभाग को अलर्ट मोड पर रहने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में पानी की किल्लत की संभावना है, वहां टैंकरों के माध्यम से वैकल्पिक व्यवस्था और लीकेज की मरम्मत का कार्य अभी से सुनिश्चित कर लिया जाए। किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने कृषि, उद्यान और वन विभाग को अगले वर्ष की योजना में जंगली जानवरों से फसल सुरक्षा के लिए श्चेनफेंसिंगश और तारबाड़ के अधिक से अधिक प्रस्ताव शामिल करने के निर्देश दिए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पाण्डे, सीएमओ डॉ. हरीश पंत, अर्थसंख्याधिकारी डॉ. मुकेश सिंह नेगी, एपीडी चंद्रा फर्त्याल सहित समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

नागालैंड में आयोजित पूर्वोत्तर युवा महोत्सव में नानकमत्ता के कपिल राणा करेंगे प्रतिभाग

नानकमत्ता (उद संवाददाता)।महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय नानकमत्ता के स्वयंसेवी कपिल सिंह राणा का चयन 17 से 22 मार्च 2026 तक दीमापुर, नागालैंड में आयोजित होने वाले 9वें पूर्वोत्तर युवा महोत्सव, 2026 में प्रतिभाग हेतु किया गया है। यह महोत्सव राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत चुमुकेदिमा, दीमापुर (नागालैंड) में आयोजित होगा। राष्ट्रीय सेवा योजना, उत्तराखंड द्वारा भेजी गई सूची के अनुसार कपिल सिंह राणा उक्त कार्यक्रम में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। वे श्री भीम सिंह राणा के पुत्र हैं और महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय नानकमत्ता के सक्रिय एनएसएस स्वयंसेवी हैं। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो० अंजला दुर्गापाल ने छात्र के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि कपिल सिंह राणा अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से महाविद्यालय एवं राज्य का नाम

रोशन करेंगे। महाविद्यालय के एनएसएस प्रभारी डॉ० रवि जोशी बतौर टीम लीडर इस महोत्सव में प्रतिभागिता करेंगे। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों से आए युवा प्रतिभागी सांस्कृतिक, सामाजिक और राष्ट्रीय एकता से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। इस अवसर पर प्रो. मृत्युंजय शर्मा, डॉ० निवेदिता अवस्थी, डॉ० ममता सुयाल, डॉ० चम्पा टम्टा, डॉ. उमेश जोशी, डॉ० ललित बिष्ट, डॉ. स्वाति लोहनी, डॉ. मंजुलता जोशी, डॉ. निशा परवीन, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. दर्शन सिंह मेहता, डॉ. शशि प्रकाश सिंह, डॉ. निशा आर्या, डॉ. आशा गढ़िया, महेश कन्याल, राम जगदीश सिंह, विपिन थापा, सुनील कुमार तथा संतोष चन्द, छात्र संघ अध्यक्ष जगदीश सिंह एवं अन्य पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

कुरान दुनिया की सबसे मुकद्दस किताब: मुफ्ती आलम

गदरपुर (उद संवाददाता)। कुरान दुनिया की सबसे मुकद्दस किताब और कलाम ए इलाही है। इसके अवतरित होने के बाद से आज तक इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है और न ही भविष्य में इसमें कोई तब्दीली की जा सकती है। यह बात सोमवार की रात जामा मस्जिद में आयोजित जश्ने कुरान कार्यक्रम के दौरान मुफ्ती आलम ने अपनी तकरीर में कही। गौरतलब है कि रमजान की 27वीं शब के अवसर पर तरावीह की नमाज में कुरान मुकम्मल हुआ, जिसमें हाफिज मोहम्मद जुनैद ने कुरान सुनाया और जामा मस्जिद के पेश इमाम कारी जाने आलम ने इसे सुना। मुफ्ती आलम ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि कुरान इंसान को जिंदगी

जीने का सही तरीका सिखाता है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे कुरान को सीखें, पढ़ें और इसमें बताई गई बातों पर पूरी निष्ठा से अमल करें।कार्यक्रम के दौरान उलेमा ने इस्लाम की शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए समाज में शांति और भाईचारे का संदेश दिया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की। इस अवसर पर मस्जिद सदर मोहम्मद जफर, हाजी शाहिद खान, सामाजिक कार्यकर्ता अकील रजा, जाकिर हुसैन, शाहिद अली, जुल्फिकार अली, मुजफ्फर हुसैन, मोहम्मद यासीन, नाजिम पाशा, सोनू, फरमान अली, राशिद पाशा, फईम सकलैनी, खलील ठेकेदार, मीनू पाशा, मतलूब अली, इमरान पाशा, एजाज पाशा, असलम सलमानी, हारून पाशा, सलमान पाशा, फरहीम हुसैन, अकबर अली, रिजवान पाशा, मोहम्मद आजम, नईम, जमील अहमद और शहर की विभिन्न मस्जिदों के इमाम व उलेमा मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में मुल्क की खुशहाली और अमनो अमान के लिए विशेष दुआ मांगी गई।

गोलीकाण्ड के मामले में दो और आरोपियों को दबोचा

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर के ग्राम कंदला में बीते 1 मार्च को हुई फायरिंग की घटना में पुलिस ने फरार चल रहे दो और आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने इनके पास से घटना में प्रयुक्त अवैध असलहे भी बरामद किए हैं। सीओ सुमित पांडे ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि गुरमीत सिंह की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था, जिसके बाद से ही आरोपियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया

जा रहा था।ताजा कार्रवाई में कोतवाली पुलिस ने ग्राम चोरपानी निवासी प्रेम और टांडा वादली (रामपुर, यूपी) निवासी कमल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने प्रेम को हाथी डगर, मालधनचौड़ से और कमल को चौधरी ढाबा, पीरूमदारा से गिरफ्तार किया। इन दोनों के कब्जे से 315 बोर के दो अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं।गौरतलब है कि इस मामले में पुलिस पूर्व में ही तीन आरोपियों को जेल भेज चुकी है। सीओ सुमित पांडे ने बताया कि तीन दिन पूर्व हितेश शर्मा को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया गया था, जबकि दो अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी थी। अब प्रेम और कमल की गिरफ्तारी के साथ ही इस मामले में कुल पांच आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं। दोनों को आवश्यक कार्रवाई के बाद माननीय न्यायालय में पेश किया गया है।

बिडोरा मझोला के सिद्धेश्वर शिव मंदिर के बाबा महंत गिरी का निधन

नानकमत्ता। क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल प्राचीन सिद्धेश्वर शिव मंदिर बिड़ौरा मझोला में वर्षों से सेवा दे रहे संत बाबा श्री महंत राम भरोसे गिरी जी (जूना अखाड़ा) का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मंदिर से जुड़े श्रद्धालु, स्थानीय ग्रामीण और संत समाज के लोग गहरे दुःख में डूब गए। बताया जा रहा है कि महंत राम भरोसे गिरी जी लंबे समय से मंदिर की सेवा और धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। उनकी सादगी, धार्मिक आस्था और समाज के प्रति समर्पण के कारण वे क्षेत्र में बेहद सम्मानित संत के रूप में जाने जाते थे। उनके निधन से धार्मिक जगत के साथ-साथ स्थानीय समाज को भी अपूरणीय क्षति पहुंची है। शोक प्रकट करने के लिए क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह राणा मंदिर परिसर पहुंचे और दिवंगत संत को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि महंत राम भरोसे गिरी जी का जीवन समाज सेवा और आध्यात्मिक मार्गदर्शन के लिए समर्पित रहा। उनका निधन क्षेत्र के लिए एक बड़ी क्षति है। वहीं, क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों और ग्रामीणों ने भी मंदिर पहुंचकर बाबा को श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान को याद किया। श्रद्धालुओं ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी और ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दुखद अवसर पर लोगों ने शोक संतप्त परिवार और उनके अनुयायियों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि इस कठिन समय में पूरा क्षेत्र उनके साथ खड़ा है।

पेज एक का शेष...

46 **हजार मीट्रिक टन गैस ...** शिवालिक 40,000 मीट्रिक टन गैस लेकर मुंद्रा पोर्ट पहुंचा था। अधिकारियों के अनुसार, इन जहाजों के सुरक्षित आगमन से देश में रसोई गैस की आपूर्ति श्रृंखला को बड़ी मजबूती मिली है। मुंद्रा और वडीनार पोर्ट पर उतरे इस कार्गो का वितरण देश के विभिन्न हिस्सों में किया जाएगा, जिससे घरेलू सिलिंडरों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। क्षेत्र में भारतीय जहाजों और क्रू की सुरक्षा के लिए नौसेना और संबंधित एजेंसियां कड़ी निगरानी रख रही हैं ताकि भारत की ऊर्जा सुरक्षा में कोई बाधा न आए।

मामूली विवाद में . के दौरान भी दोनों पक्षों के लोग आपस में उलझते रहे और अस्पताल परिसर में जमकर अफरा- तफरी का माहौल पैदा कर दिया। बाद में पुलिस और अस्पताल स्टाफ ने मिलकर स्थिति को संभाला। इस पूरी घटना में विपिन चौधरी, रोहित, अमित सहित दोनों पक्षों के कई लोग चोटिल हुए हैं, जिनका उपचार कराया गया है। एक पक्ष के विपिन चौधरी को गंभीर चोटें आयी हैं। बाजार चौकी प्रभारी जितेंद्र खत्री ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए छह लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस अब घटनास्थल, चौकी और अस्पताल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि दोषियों के विरुद्ध ठोस साक्ष्य जुटाए जा सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि तहरीर के आधार पर सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

बेकाबू कार ने जिप्सी...चावला (पर्यटक), विकास और प्रताप सिंह (बाइक सवार) को उपचार के लिए लाया गया था। प्राथमिक जांच के बाद बाइक सवार प्रताप सिंह की हालत चिंताजनक होने के कारण उन्हें प्राथमिक उपचार देकर बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। अन्य दो घायलों का उपचार फिलहाल निजी अस्पताल में चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने अस्पताल और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कार अनियंत्रित कैसे हुई और क्या चालक नशे में था या वाहन में कोई तकनीकी खराबी आई थी।

धारदार हथियार से ...उस पर तलवार से हमला कर उसे बुरी तरह लहुलुहान कर दिया। कातिलाना हमले में महिला के पति की उंगली कट गई। उसे नाजुक हालत में उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। महिला का आरोप है कि इस घटना के बाद से ग्राम गोबरा ,बन्ना खेड़ा, बाजपुर निवासी उसके मौसी का लड़का (रिश्ते का भाई) सर्वजीत सिंह पुत्र कुलविंदर सिंह रिपोर्ट में उसका नाम खोलने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी हमलावरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी।

सीएम ने हेमवती ....कुशल प्रशासक थे। उन्होंने कहा कि हेमवती नंदन बहुगुणा ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में हमेशा जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी और वे समाज के गरीब व कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर समर्पित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुगुणा जी का राजनीतिक कौशल और जनकल्याण के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा प्रेरणा स्रोत बनी रहेगी।

कार की टक्कर से ...कराया गया है। उधर दूसरी ओर कार चालक आरके पुरम काशीपुर निवासी आसाराम पुत्र रामेश्वर दयाल तथा मोहल्ला कानून गोयान निवासी कार सवार आयुष को भी दुर्घटना में चोटे आई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार व स्कूटी को कब्जे में लिया है।

खेलों से विकसित होती...को बैडमिंटन और अन्य खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने स्मारिका के संपादन और प्रकाशन में जुटे सदस्यों के प्रयासों की सराहना की।इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव विनय शंकर पांडेय सहित सचिवालय बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष हीरा सिंह बसेड़ा, प्रधान संपादक भूपेंद्र सिंह बसेड़ा, महासचिव प्रमोद कुमार, कोषाध्यक्ष चंदन बिष्ट, संयुक्त सचिव पुष्कर सिंह नेगी और क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

पुलिस स्टीकर लगी बाइक से युवक पर दबंगई करने के आरोप

शक्तिफार्मानगर क्षेत्र में इन दिनों एक मोटर साइकिल लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है, जिस पर पुलिस का स्टीकर लगा हुआ है। यह बाइक तेज रफ्तार में सड़कों पर फर्राटा भरते हुए नजर आती है और स्थानीय लोगों के अनुसार चालक युवक इसे बड़े दबंगई के साथ चलाता है। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, उक्त युवक पुलिस का स्टीकर लगाकर खुद को प्रभावशाली दिखाने की कोशिश करता है। बताया जा रहा है कि वह कई बार भीड़-भाड़ वाले इलाकों में भी तेज गति से बाइक दौड़ाता है, जिससे आम जनता में असुरक्षा का माहौल बन रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस तरह पुलिस स्टीकर का दुरुपयोग न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि पुलिस की छवि को भी धूमिल करता है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार कानून का गलत फायदा न उठा सके। वहीं, सूत्रों के अनुसार युवक पर अन्य गंभीर आरोप भी लगे होने की चर्चा है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। नगरवासियों की नजर अब पुलिस प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हुई है।

सट्टे की खाई-बाड़ी करता एक गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खिलाते हुए एक व्यक्ति को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी और क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक दिनेश फर्त्याल के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गश्त पर थी। इसी दौरान स्लॉटर हाउस, गौला बाईपास रोड के पास एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में सट्टे की खाई-बाड़ी करते हुए पाया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर उसे मौके पर ही दबोच लिया।पुलिस की

गिरफ्त में आए अभियुक्त की पहचान 54 वर्षीय नसीम अहमद पुत्र नजाकत अली के रूप में हुई है, जो आजाद नगर (लाइन नंबर 16), बनभूलपुरा का निवासी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली बनभूलपुरा में मुकदमा एफआईआर संख्या 48/26, धारा 13 जुआ अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत किया है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभियुक्त को समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। साथ ही पुलिस अब अभियुक्त के पुराने आपराधिक इतिहास का भी पता लगा रही है। गिरफ्तारी टीम में कांस्टेबल महबूब अली और कांस्टेबल शिवम कुमार शामिल रहे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी में छाया जय गुरुदेव इंडस्ट्री

पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने किया ओवरऑल बेस्ट स्टॉल अवॉर्ड से सम्मानित

पंतनगर।देश के प्रतिष्ठित कृषि आयोजनों में शुमार अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी के 119वें संस्करण में जय गुरुदेव इंडस्ट्रीज ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति और किसानों के लिए उपयोगी नवाचारों के कारण ओवरऑल बेस्ट स्टॉल अवॉर्ड हासिल किया। यह सम्मान कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि और उत्तराखंड के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी द्वारा कंपनी के प्रतिनिधियों को प्रदान किया गया।पंतनगर में आयोजित इस बहुप्रतीक्षित किसान मेले में देशभर से कृषि क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों, कृषि वैज्ञानिकों, संस्थानों और उद्यमियों ने भाग लिया। मेले में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों के बीच जय गुरुदेव इंडस्ट्रीज का स्टॉल किसानों और आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। स्टॉल पर आधुनिक कृषि तकनीकों, नवाचारों और किसानों के लिए उपयोगी उत्पादों की विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे बड़ी संख्या में किसान लाभान्वित हुए।मेले के दौरान कंपनी की टीम ने किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और जरूरतों को समझने का प्रयास किया तथा उन्हें कृषि से जुड़ी नई तकनीकों और उत्पादों के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। किसानों ने भी कंपनी की पहल और उत्पादों की गुणवत्ता की सराहना की।इस उपलब्धि में कंपनी के सीईओ रोहित गंबर के नेतृत्व में पूरी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विशेष रूप से दिवाकर (सेल्स हेड), युग, सार्थक, आकांक्षा, भुल्लर, मिहिर, पलविंदर, कपिल, राहुल, सविता सहित अन्य समर्पित स्टाफ सदस्यों की मेहनत और टीमवर्क के चलते कंपनी को यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुआ।कंपनी के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह पुरस्कार केवल एक उपलब्धि नहीं बल्कि किसानों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, नवाचार और गुणवत्ता के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी जय गुरुदेव इंडस्ट्रीज किसानों के हित में नई तकनीकों और आधुनिक कृषि समाधानों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।

मुठभेड़ में पुलिस की गोली से घायल हुआ बदमाश

कुख्यात असलाह सप्लायर बंटी कोली और उसके साथी को पिस्टल और दस तमंचों के साथ किया गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अपराध मुक्त देवभूमि अभियान को धरातल पर उतारते हुए ऊधम सिंह नगर पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। एसएसपी अजय गणपति के निर्देशन में एसओजी रुद्रपुर ने एक दुस्साहसिक मुठभेड़ के बाद क्षेत्र के कुख्यात असलाह सप्लायर बंटी कोली और उसके साथी को भारी मात्रा में अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। जवाबी फायरिंग में मुख्य आरोपी बंटी कोली के पैर में गोली लगी है, जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घटनाक्रम के अनुसार, एसओजी प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली कि क्षेत्र में अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाला शातिर बदमाश बंटी कोली मोदी मैदान के पास डिलीवरी देने आने वाला है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए एसओजी टीम ने घेराबंदी की। पुलिस टीम को देखते ही बंटी कोली ने जान से मारने की नियत से पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। बदमाशों की ओर से 4 राउंड फायर किए गए। आत्मरक्षा में पुलिस टीम ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक गोली बंटी कोली के बाएं पैर में घुटने के नीचे लगी। पुलिस ने मौके से बंटी कोली (वार्ड नंबर 23, रम्पुरा) और उसके साथी मनोज कुमार (बिलासपुर, रामपुर) को दबोच लिया। गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद किया है। इनके पास से 01 कंट्री मेड पिस्टल (30 बोर), 09 अवैध तमंचे (315 व 12 बोर) और कुल 27 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। इसके अलावा बिना नंबर की एक मोटरसाइकिल और करीब 7000 रुपये नकद भी जब्त किए गए हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि एसटीएफ उत्तराखंड को भी काफी समय से बंटी कोली की तलाश थी। मुख्य आरोपी बंटी कोली का लंबा आपराधिक इतिहास है। उस पर हत्या के प्रयास (307) और आर्म्स एक्ट सहित करीब एक दर्जन गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। वर्ष 2024 में उसे 3 माह के लिए जिला बदर भी किया गया था, जिसका उल्लंघन करने पर उस पर गुंडा अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई थी। अभियुक्तों के खिलाफ कोतवाली ट्रांजिट कैंप में धारा 109/111 बीएनएस और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। एसएसपी ने इस सफलता पर एसओजी टीम की सराहना की है।

नानकमत्ता में 'हनीट्रैप' गिरोह का भंडाफोड़, छह शातिर गिरफ्तार

अश्लील वीडियो बनाकर 50 लाख की मांगी थी फिरौती, नेपाल में कार बेचने की फिराक में थे बदमाश

रूद्रपुर/नानकमत्ता (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के "अपराध मुक्त देवभूमि" के संकल्प को साकार करने की दिशा में ऊधमसिंहनगर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के कुशल निर्देशन में नानकमत्ता पुलिस ने महिलाओं के माध्यम से जाल बिछाकर लोगों को लूटने, ब्लैकमेल करने और हनीट्रैप में फँसाने वाले एक संगठित अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के मुख्य सरगना और हिस्ट्रीशीटर तारा सिंह सहित कुल 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। एसएसपी अजय गणपति ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि यह गिरोह बेहद सुनियोजित तरीके से वारदातों को अंजाम देता था। गिरोह की महिला सदस्य सीमा कौर और गुरमीत कौर फोन पर लोगों से मीठी बातें कर उन्हें अपने प्रेम जाल में फँसाती थीं। जब शिकार पूरी तरह विश्वास में आ जाता, तो उसे मुलाकात के बहाने नानकमत्ता के सुनसान क्षेत्र श्मच्छी झालाश बुलाया जाता था। 14 मार्च की रात भी अभियुक्तों ने वादी को इसी तरह जाल में फँसाकर बुलाया। जैसे ही वादी अपनी आई-10 कार से वहां पहुँचा, पहले से घात लगाकर बैठे राजेंद्र सिंह उर्फ राजू, तारा सिंह, गुरविंदर और रमन ने उसे घेर लिया। इसके बाद उसे बंधक बनाकर भड़ाभुड़िया स्थित एक घर में ले जाया गया, जहाँ उसके कपड़े उतरवाकर अश्लील वीडियो बनाई गई। बदमाशों ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 50 लाख रुपये की फिरौती मांगी और विरोध करने पर मारपीट कर उसकी कार, नगदी और जेवर लूटकर फरार हो गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी के निर्देश पर नानकमत्ता पुलिस सक्रिय हुई। 15 मार्च को उपनिरीक्षक राजेंद्र पंत की टीम ने मुखबिर की सटीक सूचना पर डैम बन्दे क्षेत्र में घेराबंदी की। इस दौरान लूटी गई हुंडई आई-10 कार (UP 26 Y 8203) में सवार मुख्य आरोपी तारा सिंह, राजेंद्र सिंह, गुरमीत कौर और सीमा कौर को गिरफ्तार कर लिया गया। उनकी निशानदेही पर रमन सिंह और गुरविंदर को भी वाटर स्पोर्ट्स क्षेत्र से दबोच लिया गया। पुलिस ने इनके पास से लूटी गई कार, सोने की अंगूठी, 9750 रुपये नगद, एटीएम कार्ड, मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। अभियुक्त लूटी गई कार को नेपाल में बेचने की योजना बना रहे थे। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरोह का मुख्य सदस्य तारा सिंह कोतवाली नानकमत्ता का हिस्ट्रीशीटर है, जिस पर लूट, डकैती, गैंगस्टर एक्ट और एनडीपीएस के 21 से अधिक गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। वहीं, राजेंद्र सिंह उर्फ राजू पर भी दो दर्जन के करीब मुकदमे दर्ज हैं। महिला अभियुक्तों का भी पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस टीम में निरीक्षक मंजू पांडे, उपनिरीक्षक राजेंद्र पंत, नवल किशोर, सुनील कुमार और एसओजी के भूपेंद्र आर्य सहित कई पुलिसकर्मी शामिल रहे। एसएसपी अजय गणपति ने पुलिस टीम की इस कामयाबी की सराहना करते हुए कहा कि जनपद में अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।